रजिस्ट्री सं० डी (डीएन)--128/91

REGISTERED NO. D—(DN)—128/91



केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार
CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 24] नई दिल्ली, शनिवार, जून 15, 1991 (ज्येष्ठ 25, 1913)

No. 24] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 15, 1991 (JYAISTHA 25, 1913)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों, तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	471
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	721
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	5
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	877
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii) भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी अधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	573
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	657
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	1
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1939
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	77
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक	

*आंकड़े प्राप्त नहीं।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolution issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	471
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	721
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence .	5
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	877
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations . . .	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i) General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc, of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)— Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . .	573
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . .	657
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	1
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders Advertisement and Notices issued by Statutory Bodies	1939
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	77
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

* *Folio Nos. not received.*

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 14 मई, 1991

संकल्प

सं० 118/2/91-ए० वी० डी० (I)—भारत सरकार ने अपने दिनांक 28 अप्रैल, 1989 के संकल्प संख्या 118/1/89 ए० वी० डी०-I के द्वारा भारत सरकार के 11 फरवरी, 1964 के संकल्प संख्या 24/7/64-ए० वी० डी० के पैरा 2 में एक और धारा जोड़ते हुए यह निर्णय किया है कि केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अधिकार क्षेत्र को अरुणाचल प्रदेश राज्य सरकार तक एक वर्ष की अवधि अथवा उस समय तक जब तक कि राज्य सरकार स्वयं अपना सतर्कता संगठन स्थापित कर न ले इनमें से जो भी पहले हो, के लिए बढ़ा दिया गया है। उपर्युक्त संकल्प द्वारा यह भी निर्णय किया गया है कि उक्त राज्य सरकार के कर्मचारियों के संबंध में उपर्युक्त के उप पैरा (I) से (XIV) में उल्लिखित सभी शक्तियां आयोग के पास होंगी। इस अवधि को इस विभाग के दिनांक 27-6-90 के संकल्प सं० 118/2/90-ए० वी० डी०-I द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए और बढ़ा दिया गया था।

2. इस बात की संतुष्टि हो जाने पर कि ऐसा करना लोक हित में आवश्यक है, भारत सरकार ने अब यह निर्णय किया है कि पहले उल्लिखित दिनांक 11 फरवरी, 1964 के संकल्प के पैरा 2 की धारा (XV) को 23-3-91 से एक वर्ष की अवधि के लिए अथवा जब तक राज्य सरकार अपना सतर्कता संगठन स्थापित न कर ले, इनमें से जो भी पहले हो, लागू कर दिया जाए।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की सूचना सभी राज्य सरकारों तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग को दे दी जाए तथा यह भी कि इस संकल्प को भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

वी० सेन,
संयुक्त सचिव

पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय

(पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 17 मई 1991

आदेश

विषय : तेल और प्राकृतिक गैस आयोग को कच्छ अपतटीय क्षेत्र के ब्लाक-1 "ई" क्षेत्र के 4256 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लिए पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की स्वीकृति

सं० आ० 12012/44/89-ओ० एन० जी० डी०-4—पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम 5 के उप नियम (1) की धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, तेल भवन देहरादून, को (जिसे इसके पश्चात आयोग कहा गया है) कच्छ के अपतटीय क्षेत्र के ब्लाक-1 "ई" क्षेत्र में 4256 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम मिलने की संभावना हेतु एक पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस की 4-7-89 से चार वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति देती है। इसके विवरण इसके साथ संलग्न अनुसूची "क" में दिए गए हैं।

लाइसेंस की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर है :—

(क) अन्वेषण लाइसेंस पेट्रोलियम के संबंध में होगा।

(ख) यदि अन्वेषण कार्य के दौरान कोई खनिज पदार्थ पाए गए तो आयोग पूर्ण ब्यौरे के साथ उसकी सूचना केन्द्रीय सरकार को देगा।

(ग) स्वत्व शुल्क (रायल्टी) निम्नलिखित दरों पर ली जाएगी :—

(I) समस्त अशोधित तेल तथा कैसिंग हैड कन्डेन्सेट पर 314 रुपए प्रति मीट्रिक टन या ऐसी दर जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

(II) प्राकृतिक गैस के संबंध में ये दरें केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होंगी।

स्वत्व शुल्क (रायल्टी) की अदायगी, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, नई दिल्ली के वेतन तथा लेखा अधिकारी को की जायेगी ।

(घ) आयोग लाइसेंस के अनुसरण में प्रत्येक माह के प्रथम 30 दिनों में गत माह में प्राप्त समस्त अशोधित तेल की मात्रा, कैसिंग हैड कन्डेन्सेट और प्राकृतिक गैस की मात्रा तथा उसका कुल उचित मूल्य दर्शाने वाला एक पूर्ण तथा उचित विवरण केन्द्रीय सरकार को भेजेगा । यह विवरण संलग्न अनुसूची "ख" में दिए गए प्रपत्र में भरकर देना होगा ।

(ङ) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम II की अपेक्षाओं के अनुसार आयोग 50,000 रुपये की धनराशि प्रतिभूति के रूप में जमा करेगा ।

(च) आयोग प्रतिवर्ष लाइसेंस के संबंध में एक शुल्क का भुगतान करेगा जिसकी संगणना प्रत्येक वर्ग किलोमीटर या उसके किसी अंश के लिए जिसका लाइसेंस में उल्लेख किया गया होगा, निम्नलिखित दरों पर की जायेगी :—

(1) लाइसेंस के प्रथम वर्ष के लिए 8 रुपये
(2) लाइसेंस के द्वितीय वर्ष के लिए 40 रुपए
(3) लाइसेंस के तृतीय वर्ष के लिए 200 रुपए
(4) लाइसेंस के चतुर्थ वर्ष के लिए 400 रुपए
(5) लाइसेंस के नवीनीकरण के प्रथम और द्वितीय वर्ष के लिए 600 रुपए

(छ) आयोग को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के नियम II के उप नियम (3) की अपेक्षाओं के अनुसार अन्वेषण लाइसेंस में उल्लिखित किसी क्षेत्र के किसी भाग को छोड़ देने की स्वतंत्रता, सरकार को दो माह की लिखित नोटिस देने के बाद होगी ।

(ज) आयोग केन्द्रीय सरकार को मांग किए जाने पर तत्काल तेल तथा प्राकृतिक गैस अन्वेषण के दौरान पाये गए समस्त खनिज पदार्थों के संबंध में भूवैज्ञानिक आंकड़ों के बारे में एक पूर्ण रिपोर्ट गुप्त रूप से देगा तथा हर 6 महीने में नियमित रूप से केन्द्रीय सरकार को समस्त परिचालनों, व्यधन, तथा अन्वेषण कार्यों के परिणामों के बारे में सूचना देगा ।

(झ) आयोग समुद्र की तलहटी और या उसकी सतह पर आग बुझाने संबंधी निवारक उपायों की व्यवस्था करेगा तथा आग बुझाने हेतु हर समय के लिए उपकरण सामान तथा साधन बनाये रखेगा और तीसरी पार्टी और या सरकार को उतना मुआवजा देगा जितना कि आग लगने से हुई हानि के बारे में निर्धारित किया जायेगा ।

(ञ) इस अन्वेषण लाइसेंस पर तेल क्षेत्र (विनियम और विकास) अधिनियम, 1948 (1948 का 53) और पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस नियम, 1959 के उपबन्ध लागू होंगे ।

(ट) पेट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस के बारे में आयोग केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित एक ऐसे फार्म पर दस्तावेज भरकर देगा जो अपतटीय क्षेत्रों के लिए व्यवहार्य होगा ।

(ठ) आयोग खुदाई/अन्वेषी आपरेशनों/सर्वेक्षणों के दौरान एकत्र किए गए बाथीमीट्रिक, तलछटी नमूने, धारा और चुम्बकीय आंकड़े यथा सामान्य रूप में रक्षा मंत्रालय, नौसेना मुख्यालय को प्रस्तुत करेगा

(ड) आयोग समुद्री विज्ञान आंकड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है ।

(ढ) संपूर्ण आंकड़े भारत में संकलित किये जाते हैं ।

(ण) यदि विदेशी जलपोत को सर्वेक्षण पर लगाया जाता है तो सर्वेक्षण शुरू करने से पूर्व उनका भारतीय नौसेना विशेषज्ञ अधिकारी दल द्वारा नौसेना सुरक्षा निरीक्षण किया जायेगा । भारत में ऐसे जलपोतों के आने के बारे में कम से कम एक माह पूर्व नोटिस दिया जाना चाहिए ताकि निरीक्षण दल की प्रतिनियुक्ति में सुविधा हो ।

(त) इस संबंध में आयोग द्वारा समुद्र विज्ञान संबंधी आंकड़ों की तैयार की गई संपूर्ण प्रति नौसेना मुख्यालय तथा मुख्य हाइड्रोग्राफर को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है ।

अनुसूची "क"

कच्छ अपतटीय (ब्लाक—I "ई") क्षेत्र के 4258 वर्ग किलोमीटर के लिए भौगोलिक निर्देशांक

पाइंट	अक्षांतर			देशान्तर		
1.	21°	39″	00″	68°	00″	00″
2.	21°	23″	30″	68°	00″	00″
3.	21°	23″	30″	67°	45″	00″
4.	21°	28″	38″	67°	45″	00″
5.	21°	28″	38″	67°	35″	00″
6.	21°	44″	50″	67°	35″	00″
7.	21°	44″	50″	67°	43″	00″
8.	21°	54″	35″	67°	33″	25″
9.	21°	54″	35″	67°	10″	00″
10.	22°	15″	00″	67°	25″	00″
11.	22°	15″	00″	67°	55″	00″
12.	21°	39″	00″	67°	55″	00″

अनुसूची "ख"

अशोधित तेल, केसिंग हैड कन्डेन्सेट तथा प्राकृतिक गैस के उत्पादन तथा उसके मूल्य सहित मासिक विवरण, पैट्रोलियम अन्वेषण लाइसेंस

क्षेत्रफल

माह तथा वर्ष

(क) अशोधित तेल

कुल प्राप्त मी० टन की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टन की सं०	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये मी० टनों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टन की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ख) केसिंग हैड कन्डेन्सेट

प्राप्त किये गये कुल मी० टन की संख्या	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये मी० टन की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये मी० टनों की सं०	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त मी० टन की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

(ग) प्राकृतिक गैस

कुल प्राप्त घन मीटरों की सं०	अपरिहार्य रूप से खोये अथवा प्राकृतिक जलाशय को लौटाये गये घन मीटरों की संख्या	केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित पैट्रोलियम अन्वेषण कार्य हेतु प्रयोग किये गये घन मीटरों की संख्या	कालम 2 और 3 को घटाकर प्राप्त घन मीटरों की संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5

एतद्द्वारा मैं श्री .... सत्य निष्ठापूर्वक घोषणा एवं पुष्टि करता हूं कि इस विवरण में दी गई सूचना पूर्णरूपेण सत्य और सही है, इसे सही समझते हुए मैं शुद्ध अन्तःकरण और सत्यनिष्ठा से यह घोषणा करता हूं।

हस्ताक्षर ....

भारत के राष्ट्रपति के आदेश से तथा उनके नाम पर

एम० मार्टिन
डैस्क अधिकारी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 29 अप्रैल 1991

संकल्प

विषय : राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद की स्थापना

सं० एफ० 7–10/85–बी० पी०–II—भारत सरकार के समसंख्यक संकल्प दिनांक 6 नवम्बर, 1990/15 कार्तिक 1912 (शक) के क्रम में पहले से मनोनीत किए गए व्यक्तियों के अतिरिक्त निम्नलिखित सदस्यों को राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद में मनोनीत किया जाता है :—

प्रकाशक

1. श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता,
   प्रबन्ध निदेशक, एस चांद एण्ड कं०, दिल्ली
2. श्री नरेन्द्र कुमार
   प्रबन्ध निदेशक,
   विकास पब्लिशिंग हाऊस, लिमिटेड,
   दिल्ली।
3. श्रीमती शीला संधु
   प्रबन्ध निदेशक,
   राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली
4. श्री विदल बसु
   आनन्द पब्लिशर्स
   45 बेनियाटोला लेन, कलकत्ता–700009

लेखक

डा० (श्रीमती) कुसुम खेमानी
मार्फत भारतीय भाषा परिषद
36, ए शेक्सपीयर सरणी, कलकत्ता

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ शासित प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और उनके विभागों, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, योजना आयोग को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प सूचनार्थ भारत सरकार के गजट में प्रकाशित किया जाए।

आर० एन० मिश्रा
निदेशक (पु० प्री०)

कल्याण मंत्रालय

(महिला एवं बाल विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 16 मई 1991

संकल्प

सं० 1–36/90–के० स० क० बो०—भारत सरकार श्रीमती बकुल पटेल को अगले आदेश होने तक केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष नियुक्त करती है। यह आदेश उस तारीख से लागू होगा जिससे वह उक्त पद का कार्यभार ग्रहण करेंगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रतिलिपि निम्नलिखित को भेजी जाए :—

1. श्रीमती बकुल पटेल, के–2, कफ कासल, कफ परेड, कोलाबा, बम्बई।
2. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड के सभी सदस्य।
3. सभी राज्य सरकारें/संघ शासित प्रदेश प्रशासन।
4. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
5. राष्ट्रपति सचिवालय।
6. मंत्रिमंडल सचिवालय।
7. प्रधानमंत्री कार्यालय
8. योजना आयोग।
9. लोकसभा/राज्यसभा सचिवालय।
10. पत्र सूचना कार्यालय, नई दिल्ली।
11. महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली।
12. कम्पनी कार्य विभाग।
13. कम्पनियों के रजिस्ट्रार, नई दिल्ली।
14. क्षेत्रीय निदेशक, कम्पनी विधि बोर्ड, कानपुर।
15. कार्यकारी निदेशक, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड नई दिल्ली।
16. राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्डों के सभी अध्यक्ष
17. समाज कल्याण मन्त्री/सचिव/संयुक्त सचिव के निजी सचिव।
18. राज्य/संघ शासित प्रदेशों, के राज्यपालों/प्रशासकों/उपराज्यपालों/मुख्य आयुक्तों के निजी सचिव।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

मंजु सेनापति
उप सचिव

जल संसाधन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 31 मई, 1991

सं० 21/3/89–स्था०–2 (बी)—नदी घाटी परियोजनाओं के बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय पूंजी निवेश तथा अनुसंधान द्वारा शिलायांत्रिकी एवं सुरंगन तकनीकी में लागत पर मितव्ययता एवं सुरक्षित संरचना सुनिश्चित करने में निभायी गई मुख्य भूमिका को ध्यान में रखते हुए सरकार देश में शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी में अनुसंधान कार्य के समन्वयन के लिए एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति के गठन के लिए ध्यानपूर्वक विचार कर रही है। केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला (केमूसाअनु) नई दिल्ली एक वैज्ञानिक संस्थान घोषित हो गया है तथा शिला यांत्रिकी एवं सुरंगन तकनीकी में अनुसंधान से जुड़ा हुआ देश का प्रमुख संगठन है। संस्थान को तकनीकी सलाहकार समिति अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से एवं देश में हुए अनुसंधान से प्राप्त सूचना के प्रसार की आवश्यकता पर बल दे रही है ताकि देश में समस्त जल संसाधन सैक्टरों को लाभ उपलब्ध हो तथा अन्य सम्बन्धित सैक्टर जैसे खनन, रेल तथा सड़क परिवहन, भूमिगत भंडारण तथा रक्षा आदि जो मुख्य रूप से शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी में अनुसंधान पर निर्भर हैं, को लाभ उपलब्ध हो।

केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला की शासी परिषद् इस प्रमुख संस्थान द्वारा राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय फोरम पर समय-समय पर निभायी जाने वाली भूमिका के बारे में भी विचार-विमर्श कर रही है।

टी० ए० सी० तथा केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला की शासी परिषद् द्वारा की गई सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी पर भारतीय राष्ट्रीय समिति (आई० एन०सी०-आर०एम०टी०) नामक उच्च स्तरीय समिति के गठन का संकल्प एतद्द्वारा किया जाता है।

2. समिति का गठन निम्नलिखित रूप में होगा :—

(1) निदेशक, केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला, नई दिल्ली		अध्यक्ष
(2) केन्द्रीय जल आयोग के अभिकल्प स्कंध का एक प्रतिनिधि अथवा उनका प्रतिनिधि जो मुख्य अभियंता से नीचे के रैंक का नहीं हो।	केन्द्रीय जल आयोग नई दिल्ली	सदस्य
(3) भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण का एक प्रतिनिधि जो उप महानिदेशक (भूविज्ञान अभियांत्रिकी) से नीचे के रैंक का नहीं हो।	भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण, कलकत्ता	सदस्य
(4) निदेशक, राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद का एक प्रतिनिधि जो वैज्ञानिक (एफ) से नीचे के रैंक का नहीं हो।	राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद	सदस्य
(5) निदेशक	राष्ट्रीय शिला-यांत्रिकी संस्थान, कोलार]	सदस्य
(6) निदेशक, केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र, धनबाद का एक प्रतिनिधि जो वैज्ञानिक (एफ) से नीचे के रैंक का नहीं हो।	केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र धनबाद	सदस्य
(7) तीन राज्यों के अनुसंधान केन्द्रों के निदेशक अथवा उनके प्रतिनिधि जो अधीक्षक अभियंता से नीचे के रैंक के नहीं हों (दो वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है)।	राज्य अनुसंधान केन्द्र	सदस्य
(8) शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे तीन प्रसिद्ध शिक्षाविद। (दो वर्षों की अवधि के लिए नियुक्त किया जाता है)।	—	सदस्य
(9) कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय जल विद्युत निगम का एक प्रतिनिधि जो मुख्य अभियंता से नीचे के रैंक का नहीं हो।	राष्ट्रीय जल विद्युत निगम, नई दिल्ली	सदस्य
(10) टिहरी बांध विद्युत निगम का एक प्रतिनिधि जो मुख्य अभियंता से नीचे के रैंक का नहीं हो।	टिहरी बांध विद्युत निगम, नई दिल्ली	सदस्य
(11) नाथपा झाकरी विद्युत निगम का एक प्रतिनिधि जो मुख्य अभियंता से नीचे के रैंक का नहीं हो।	नाथपा झाकरी विद्युत निगम, नई दिल्ली	सदस्य
(12) संयुक्त निदेशक/मुख्य अनुसंधान अधिकारी	के० मृ० सा० अनु० नई दिल्ली	सदस्य सचिव

3. समिति के कार्य इस प्रकार होंगे :—

(1) राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से सम्बन्धित सूचना एकत्र करके देश में शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी की विभिन्न शाखाओं में कला की अद्यतन सामयिक स्थिति की व्यवस्था करना व स्थिति रिपोर्ट प्रकाशित तथा प्रसारित करना।

(2) शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के फील्ड में ऐसे क्षेत्रों की पहचान करना जहां नदी घाटी परियोजना की समस्या हल करने के लिए शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है।

(3) देश में क्रियाकलापों के स्तर को अन्तर्राष्ट्रीय मानक के स्तर तक लाने के उपाय सुझाना।

(4) देश में संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले अनुसंधान कार्यक्रमों की समीक्षा तथा प्राथमिकता करना।

(5) देश में शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के अनुसंधान में अवसंरचनात्मक विकास के लिए शैक्षिक तथा अनुसंधान संस्थाओं के लिए निधीकरण की सिफारिश करना।

(6) शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के विभिन्न शाखाओं में गुणवत्ता के केन्द्रों को बढ़ाना तथा उनके लिए केन्द्रीय निधीकरण प्रस्तावित करना।

(7) देश में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के क्षेत्र में किए जाने वाले अनुसंधान अध्ययन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम बनाना।

(8) समितियों की सलाह हेतु विशेष समस्याओं पर विचार करने के लिए विशेष कार्य दल/विशेषज्ञों का पैनल नियुक्त करना।

(9) शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के क्षेत्र में शैक्षिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम बढ़ाना।

(10) अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक गतिविधियों में भारत की प्रभावशाली भागीदारी को बढ़ाना।

(11) शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी के क्षेत्र में प्रकाशनों के द्वारा सूचना प्रसारित करना।

(12) समिति को भेजी गई समस्याओं के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों की एजेन्सियों को सलाह देना।

(13) शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी विषय से सम्बन्धित क्रियाकलापों से जुड़े हुए राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय समितियों/निकायों के साथ प्रभावशाली सहयोग कायम रखना।

4. के० मृ० सा० अनुसंधानशाला, नई दिल्ली शिलायांत्रिकी तथा सुरंगन तकनीकी पर भारतीय राष्ट्रीय समिति की गतिविधियों हेतु सचिवालय सहायता उपलब्ध करेगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि उक्त संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

वी० राजगोपालन,
उप सचिव

पर्यावरण और वन मंत्रालय

(पर्यावरण, वन और वन्य जीव विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 15 जून 1991

सं. 17011-04/90 आई.एफ.एस.-II—भारतीय वन सेवा में रिक्तियों को भरने के लिये 1991 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं—

1. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गये नोटिस में निर्दिष्ट की जायेगी। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों का आरक्षण सरकार द्वारा निर्धारित रूप में किए जायेंगे।

2. इस परीक्षा में बैठने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को जो अन्यथा पात्र हो चार बार परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जायेगी। यह प्रतिबंध 1984 में हुई परीक्षा से लागू है।

परन्तु अवसरों की संख्या से सम्बद्ध यह प्रतिबन्ध अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन-जाति के अन्यथा पात्र उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा।

टिप्पणी 1 : यदि उम्मीदवार परीक्षा के किसी एक या अधिक विषयों में वस्तुतः परीक्षा देता है तो यह समझा लिया जाएगा कि उसने एक अवसर प्राप्त कर लिया है।

टिप्पणी 2 : अयोग्यता/उम्मीदवारी के रद्द होने के बावजूद उम्मीदवार की परीक्षा में उपस्थिति का तथ्य एक प्रयास गिना जाएगा।

3. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-I में निर्धारित ढंग से लेगा।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किये जायेंगे।

4. उम्मीदवार या तो :—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा हो, या

(ग) भूटान की प्रजा हो, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी हो जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ङ) ऐसा भारत मूलक व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, कीनिया, उगांडा, संयुक्त गणराज्य तन्जानिया (भूतपूर्व टंगानिका तथा जंजीबार) जाम्बिया, मलावी, ज़ेरे, इथियोपिया के पूर्वी अफ्रीकी देशों और वियतनाम से भारत आया हो।

परन्तु उपरोक्त (ख), (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा दिया गया पात्रता प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए।

ऐसे उम्मीदवार को भी उक्त परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है जिसके बारे में पात्रता प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक हो किन्तु उसकी नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा उसके संबंध में पात्रता प्रमाण-पत्र जारी कर दिये जाने के बाद ही भेजा जा सकता है।

5(क) उम्मीदवार के लिए आवश्यक है कि उसकी आयु 1 जुलाई, 1991 को 21 वर्ष पूरी हो गई है, किन्तु 28 वर्ष न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जुलाई, 1963 से पहले और 1 जुलाई, 1970 के बाद नहीं हुआ हो।

(ख) ऊपर निर्धारित, अधिकतम आयु में निम्नलिखित स्थितियों में छूट दी जा सकती है :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो, तो अधिक से अधिक 5 वर्ष।

(2) यदि उम्मीदवार अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद श्री लंका से मूल रूप से वस्तुतः प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ या आने वाला मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जाति का हो और साथ ही अक्तूबर, 1964 के भारत-श्री लंका करार के अधीन 1 नवम्बर 1964 को या उसके बाद श्री लंका से प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ अथवा आने वाले मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष।

(4) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिक से अधिक तीन वर्ष तक जो किसी विदेशी देश के साथ संघर्ष अथवा अशान्तिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाई के दौरान, विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए।

(5) रक्षा सेवाओं के उन कर्मचारियों के मामले में अधिकतम आठ वर्ष जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के हों तथा किसी विदेशी देश के साथ संघर्ष में अथवा अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाई के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए हों।

(6) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने 1 जुलाई, 1991 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (1) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जुलाई, 1991 से एक वर्ष के अन्दर पूरा होना है), (2) या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता, या (3) अशक्तता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं उनके मामले में अधिक से अधिक पांच वर्ष तक।

(7) भूतपूर्व सैनिक (कमीशन प्राप्त अधिकारियों तथा आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हों जिन्होंने 1 जुलाई, 1991 को कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो (1) कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल 1 जुलाई, 1991 से एक वर्ष के अन्दर पूरा होना है), (2) या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (3) असमर्थता के कारण कार्यमुक्त हुए हैं, उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष।

(8) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों के उन मामलों में जिन्होंने 1 जुलाई, 1991 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 5 वर्ष।

(9) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के ऐसे आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों को उन मामलों में जिन्होंने 1 जुलाई, 1991 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 10 वर्ष।

टिप्पणी 1 : शब्द "भूतपूर्व सैनिक" उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हें समय-समय पर संशोधित भूतपूर्व सैनिक (सिविल सेवाओं और पदों में पुनः रोजगार) नियम 1979 के अन्तर्गत परिभाषित किया गया है।

टिप्पणी 2 : भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने अपने पुनः रोजगार हेतु भूतपूर्व सैनिकों को दिए जाने वाले लाभों को लेने के बाद सिविल क्षेत्र में सरकारी नौकरी पहले ही ले ली है। वे उपर्युक्त नियमावली के नियम (5) (ख) (6) और 5 (ख) (7) के अधीन आयु सीमा में छूट के लिए पात्र नहीं हैं।

उपर्युक्त व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जाएगी।

6. उम्मीदवार के पास भारत के केन्द्र या राज्य विधान मण्डल द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय से या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के खण्ड 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मानी गई किसी अन्य शिक्षा संस्था से प्राप्त वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भू-विज्ञान, गणित, भौतिकी, सांख्यिकी और प्राणि विज्ञान में एक विषय के साथ स्नातक डिग्री अवश्य होनी चाहिए अथवा कृषि विज्ञान, वानिकी या इंजीनियरी की स्नातक डिग्री होनी चाहिए।

टिप्पणी 1 : कोई भी ऐसी परीक्षा दे दी है, जिसको पास करने पर वह आयोग की परीक्षा में बैठने का शैक्षिक रूप से पात्र होगा परन्तु उसे परीक्षा फल की सूचना नहीं मिली है तथा ऐसे उम्मीदवार जो ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इच्छुक है आयोग की परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होगा।

टिप्पणी 2 : विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई भी अर्हता न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार ने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसके स्तर को देखते हुए आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देने के लिए आवेदन करना उचित समझे।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के पैरा 6 में निर्धारित फीस अवश्य देनी होगी।

8. जो व्यक्ति पहले से ही सरकारी नौकरी में आकस्मिक या दैनिक दर कर्मचारी से इतर स्थाई या अस्थाई हैसियत में या कार्य प्रभारित कर्मचारियों की हैसियत में काम कर रहे हों या जो लोक उद्यमों के अन्तर्गत सेवा कर रहे हैं उन्हें परिवचन (अन्डर-टेकिंग) प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से सम्बद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकार कर दिया जाएगा/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

9. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) नहीं होगा।

11. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी पाया हो या दोषी घोषित कर दिया गया हो कि उसने :—

(1) निम्नलिखित तरीकों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करना, अर्थात् :—

(क) गैर कानूनी रूप से परितोषण की पेशकश करना, या

(ख) दबाव डालना, या

(ग) परीक्षा आयोजित करने से संबंधित किसी भी व्यक्ति को ब्लैकमेल करना अथवा उसे ब्लैकमेल करने की धमकी देना अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप से कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के संबंध में निम्नलिखित साधनों का उपयोग करना, अर्थात् :—

(क) गलत तरीके से प्रश्न-पत्र की प्रति प्राप्त करना;

(ख) परीक्षा से संबंधित गोपनीय कार्य से जुड़े व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करना;

(ग) परीक्षकों को प्रभावित करना, या

(7) परीक्षा के समय अनुचित तरीके अपनाए हैं, अथवा

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखना या भद्दे रेखाचित्र बनाना, अथवा

(9) परीक्षा भवन में दुर्व्यवहार करना, जिनमें उत्तर पुस्तिकाओं को फाड़ना, परीक्षा देने वालों को परीक्षा का बहिष्कार करने के लिए उकसाना अथवा अव्यवस्था तथा ऐसी ही अन्य स्थिति पैदा करना शामिल है, अथवा

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य किसी प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो, अथवा

(11) परीक्षा में प्रवेश हेतु उम्मीदवार को जारी किसी भी आदेश का उल्लंघन, या

(12) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य को करने या कराने के लिए उकसाने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है, उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा में, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, और/अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विनिर्दिष्ट अवधि के लिए :—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उनके किसी भी नौकरी से अपवर्जित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उसके विरुद्ध उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :—

(1) उम्मीदवार को इस संबंध में लिखित अभ्यावेदन जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करे तो उसे आयोग व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाएगा।

किन्तु शर्त यह है कि यदि आयोग के मतानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवार इन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए सामान्य स्तर के आधार पर पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाए जा सकेंगे तो आयोग द्वारा स्तर में ढील देकर अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है।

13. (1) परीक्षा के बाद आयोग उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यताक्रम से उनकी सूची बनाएगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों को आयोग परीक्षा के आधार पर योग्य समझेगा उनको उन रिक्तियों पर नियुक्त करने के लिए अनुशंसा की जाएगी। जो नियुक्तियां जितनी अनारक्षित रिक्तियों को भरने का निर्णय किया जाता है उसको देखकर होंगी।

(2) आयोग द्वारा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों की, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक, स्तर में छूट देकर सिफारिश की जा सकेगी किन्तु शर्त यह है कि वे उम्मीदवार सेवा पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

परन्तु अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के जो उम्मीदवार अन्य समुदायों के उम्मीदवारों के साथ-साथ इस उप-नियम में वर्णित किसी छूट का लाभ उठाए बिना चुने जाते हैं उनका समायोजन अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रिक्तियों में नहीं किया जाएगा।

14. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा। आयोग परीक्षाफल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा।

15. परीक्षा में पास हो जाने पर नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार को आवश्यक जांच के बाद संतोष न हो जाए कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से योग्य है।

16. उम्मीदवार को आवेदन प्रपत्र के कालम 25 में यह स्पष्ट करना होगा कि भारतीय वन सेवा में नियुक्त किए जाने की स्थिति में क्या वह अपने संवर्गीय राज्य में नियुक्त किया जाना पसंद करेगा/करेगी।

17. उम्मीदवारों को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उनमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जिसमें वह संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक न निभा सके। यदि सरकार या नियोक्ता प्राधिकारी जैसी भी स्थिति हो द्वारा निर्धारित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह पाया जाए कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सकता तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। व्यक्तित्व परीक्षण के लिए आयोग द्वारा बुलाए गए उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा कराई जा सकती है।

उम्मीदवार द्वारा स्वास्थ्य परीक्षा के लिए चिकित्सा बोर्ड को कोई शुल्क नहीं देना होगा।

नोट : कहीं निराश न होना पड़े इसलिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के किसी सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा लें। नियुक्ति से पहले उम्मीदवारों की किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उनके स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिए इसके ब्यौरे इन नियमों के परिशिष्ट-3 में दिए गए हैं। रक्षा सेनाओं के भूतपूर्व विकलांग सैनिकों को सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप डाक्टरी जांच के स्तर में छूट दी जाएगी।

पुरुष उम्मीदवारों के लिए 4 घंटे में 25 किलोमीटर पैदल चलने की और महिला उम्मीदवारों के लिए 4 घंटे में 14 किलोमीटर चलने की स्वास्थ्य की दृष्टि से क्षमता की शर्त की ओर विशेषतः ध्यान आकर्षित किया जाता है।

18. ऐसा कोई पुरुष/स्त्री

(क) जिसने किसी ऐसे स्त्री/पुरुष से विवाह किया हो, जिसका पहले से जीवित पति/पत्नी हो, या

(ख) जिसकी पत्नी/पति जीवित होते हुए उसने किसी स्त्री/पुरुष से विवाह किया हो।

उक्त सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु केन्द्रीय सरकार, यदि इस बात से सन्तुष्ट हो कि ऐसे पुरुष/स्त्री तथा जिस स्त्री/पुरुष से उसने विवाह किया हो उन पर लागू व्यक्तिगत कानून के अधीन ऐसा किया जा सकता हो और ऐसा करने के अन्य आधार हों तो उस उम्मीदवार को इस नियम से छूट दे सकती है।

19. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सेवा में भर्ती से पहले ही हिन्दी का कुछ ज्ञान होना उन विभागीय परीक्षाओं को पास करने की दृष्टि से लाभदायक होगा जो उम्मीदवार को सेवा में भर्ती होने के बाद देनी पड़ती हैं।

20. इस परीक्षा के द्वारा जिस सेवा के लिए भर्ती की जा रही है उसका संक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट-2 में दिया गया है।

श्री हसूरकर,
संयुक्त सचिव

परिशिष्ट—1

खण्ड 1

परीक्षा की रूपरेखा

भारतीय वन सेवा के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में निम्नलिखित सम्मिलित है :—

(क) लिखित परीक्षा :—

(1) दो अनिवार्य विषय अर्थात् सामान्य अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान [नीचे खण्ड 2 का उपखण्ड (क) देखें]।

पूर्णांक : 300

(2) निम्नलिखित खण्ड-2 के उपखण्ड (ख) में दिए गए वैकल्पिक विषयों में से चुने गए विषय। इस उपखण्ड की व्यवस्था के अधीन उम्मीदवार उनमें से कोई दो विषय ले।

पूर्णांक : 400

(ख) ऐसे उम्मीदवारों का, जो आयोग द्वारा साक्षात्कार के लिए (इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग ख के अनुसार) बुलाए जाएंगे का व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार।

पूर्णांक : 150

खण्ड 2

परीक्षा के विषय :—

(क) अनिवार्य विषय [ऊपर खण्ड-1 के उप-खण्ड (क) (1) के अनुसार] :—

	कोड सं०	अधिकतम अंक
(1) सामान्य अंग्रेजी	21	150
(2) सामान्य ज्ञान	22	150

(ख) वैकल्पिक विषय [उक्त उप-खण्ड क (2) के अनुसार] :

विषय	कोड संख्या	पूर्णांक
कृषि विज्ञान	01	200
वनस्पति विज्ञान	02	200
रसायन विज्ञान	03	200
सिविल इंजीनियरी	04	200
भू-विज्ञान	05	200
कृषि इंजीनियरी	06	200
रसायन इंजीनियरी	07	200
गणित	09	200
यांत्रिकी इंजीनियरी	10	200
भौतिकी	11	200
प्राणि विज्ञान	13	200
सांख्यिकी	14	200
वानिकी	15	200

परन्तु उपर्युक्त विषयों पर निम्नलिखित पाबन्दियां लागू होंगी :—

(1) कोई भी उम्मीदवार कोड 01 तथा 06 वाले विषयों (अर्थात् कृषि तथा कृषि इंजीनियरी) को एक साथ नहीं ले सकेगा।

(2) कोई भी उम्मीदवार कोड 03 तथा 07 वाले विषयों (अर्थात् रसायन विज्ञान तथा रसायन विज्ञान इंजीनियरी) को एक साथ नहीं ले सकेगा।

(3) कोई भी उम्मीदवार कोड 09 तथा 14 वाले विषयों (अर्थात् गणित तथा सांख्यिकी) को एक साथ नहीं ले सकेगा।

नोट—ऊपर लिखे विषयों के स्तर और पाठ्य विवरण इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग 'क' में दिया गया है।

खण्ड 3

सामान्य

1. सभी प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखने होंगे। प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी में ही होंगे।

2. उपर्युक्त खण्ड-2 के उपखण्ड (क) और (ख) में उल्लिखित प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए 3 घण्टे का समय दिया जायेगा।

3. उम्मीदवारों को प्रश्नों का उत्तर अपने हाथ से लिखना होगा। उन्हें किसी भी हालत में उनकी ओर से उत्तर लिखने के लिए किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं होगी।

4. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक (क्वालीफाइंग मार्क्स) निर्धारित कर सकता है।

5. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढ़ने लायक नहीं होगी तो उसे अन्यथा मिलने वाले कुल अंकों में से कुछ अंक काट लिए जाएंगे।

6. अनावश्यक ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

7. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध प्रभावपूर्ण ढंग की और सही हो।

8. प्रश्न-पत्र में आवश्यक होने पर केवल प्रश्नों में तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली संबंधित प्रश्न ही पूछे जाएंगे।

9. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए।

10. उम्मीदवारों को परम्परागत (निबन्ध) प्रकार के प्रश्न-पत्रों के लिए बैटरी से चलने वाले पाकेट कैलकुलेटर परीक्षा भवन में लाने और उसका प्रयोग करने की अनुमति है। परीक्षा भवन में किसी से कैलकुलेटर मांगने या आपस में बदलने की अनुमति नहीं है।

यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि उम्मीदवार वस्तुपरक प्रश्न-पत्रों (परीक्षण पुस्तिका) का उत्तर देने के लिए कैलकुलेटरों का प्रयोग नहीं कर सकते। अतः उन्हें परीक्षा भवन में न लाएं।

अनुसूची

भाग क

सामान्य अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्रों का स्तर ऐसा होगा जिसकी भारतीय विश्वविद्यालय के विज्ञान या इंजीनियरी ग्रेजुएट से आशा की जाती है।

अन्य विषयों में प्रश्न-पत्रों का स्तर लगभग भारतीय विश्वविद्यालयों की स्नातक उपाधि (पास) के समान होगा।

किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नहीं ली जाएगी।

सामान्य अंग्रेजी (कोड-21)

उम्मीदवारों को एक विषय पर अंग्रेजी में निबंध लिखना होगा। अन्य प्रश्न इस प्रकार से पूछे जाएंगे कि जिससे उसकी अंग्रेजी भाषा के ज्ञान तथा शब्दों के कार्य साधक प्रयोग की जांच हो सके।

सामान्य ज्ञान (कोड-22)

सामान्य ज्ञान जिसमें सामयिक घटनाओं का ज्ञान तथा प्रतिदिन के प्रक्षेप और अनुभव की ऐसी बातों का वैज्ञानिक दृष्टि से ज्ञान भी सम्मिलित है जिसकी किसी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। इस प्रश्न-पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवारों को विशेष अध्ययन के बिना ही आना चाहिए।

नोट :—सामान्य ज्ञान के प्रश्न-पत्र केवल वस्तुपरक में प्रश्न होंगे। नमूने के प्रश्नों सहित ब्यौरों के लिए कृपया *आयोग के नोटिस के अनुबंध 2 में उम्मीदवारों के लिए* सूचना विवरणिका देखें।

कृषि विज्ञान (कोड-01)

उम्मीदवारों को नीचे खंड (क) और (ख) या खंड (क) और (ग) में दिए हुए प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

(क) कृषि-अर्थशास्त्र

कृषि अर्थशास्त्र का अर्थ तथा क्षेत्र, अध्ययन का महत्व तथा अन्य विज्ञानों से संबंध, भारतीय आर्थिक स्थिति में कृषि का महत्व, राष्ट्रीय आय में उसकी देन, अन्य देशों से तुलना, भारतीय कृषि उत्पादन, विपणन, श्रम, उधार इत्यादि महत्वपूर्ण *आर्थिक समस्याओं का अध्ययन।*

फार्म प्रबंध के अध्ययन के तरीके, इसका अर्थ तथा क्षेत्र, अन्य भौतिक तथा सामाजिक विज्ञानों से संबंध, फार्म प्रबंध की अवधारणाएं और मूल सिद्धान्त। फार्म के निर्धारण के प्रकार और तरीके, भूमि, श्रम, जल और उपस्कर के साझेदारी प्रयोग का आयोजन, फार्म की क्षमता को मापने के तरीके, फार्म के हिसाब-किताब के प्रकार और उपयोग, फार्म के अभिलेख तथा लेखा विधि लेखाविधि, उत्पाद लेखाविधि, पूर्ण तथा लागत लेखाविधि।

(ख) सस्य-विज्ञान

फसल उत्पादन—खरीफ की फसलों—धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंगफली, तिल, कपास, सनई, मूंग, उड़द का विस्तृत अध्ययन या उनके प्रारम्भ, वितरण, बीज बोलने योग्य भूमि तैयार करने, सुधरी किस्म, बुवाई तथा बीजों के मिश्रण की मात्रा, कटाई, भंडारण, फसलों के भौतिक विभेद के संदर्भ में हों।

रबी की महत्वपूर्ण फसलों, गेहूं, जौ, चना, सरसों, ईख, तम्बाकू, बरसीम का विस्तृत अध्ययन और उनके उद्गम, इतिवृत्त वहन भूमि तथा जलवायु की आवश्यकताएं, बीज की क्यारियों की तैयारी, सुधरी प्रकार की किस्में बोना और बीज की मिकदार, कटाई, भंडार में रखने, फसलों के भौतिक विभेद के संदर्भ में हों।

घास-पात और घास-पात नियंत्रण—घास-पात का वर्गीकरण, भारत की प्रमुख घास-पात के प्राकृतिक वास तथा विशेषताएं, घास-पात के कुप्रभाव तथा उसके द्वारा पहुंचाई जाने वाली हानियां, घास-पात के बोने की प्रमुख पद्धतियां और घास-पात पर संवर्धन, यांत्रिक और रसायनिक नियंत्रण।

सिंचाई और जल निकास के सिद्धान्त—सिंचाई जल की आवश्यकता और स्रोत, फसलों को जल की आवश्यकता की मात्रा, साधारण जल की लिफ्ट, बल, मान, सिंचाई के जल को व्यर्थ जाने से रोकना, सिंचाई के तरीके और ढंग, प्रत्येक ढंग के लाभ और सीमाएं। सिंचाई के जल की माप, पृथ्वी की नमी, पृथ्वी की नमी के विभिन्न प्रकार और उनका महत्व, जल निकास और इसकी आवश्यकता जल की अधिकता के कारण क्षति पहुंचना, जल निकास के ढंग।

मृदा-विज्ञान और मृदा-संरक्षण

मृदा (सायल) की परिभाषा, इसके मुख्य अंग, मृदा, प्रोफाइल मृदा कलिल कोलाइड्स, धनायन विनिमय क्षमता आधार संतृप्ति प्रतिशत आयन विनिमय, पौधे की बढ़ोतरी के लिए आवश्यक पोषक पदार्थ, भूमि में उनकी आकृति और पौधे के पोषण में उनका कार्य, मृदा जैव पदार्थ, इसका गलना और इसका भूमि के उपजाऊ होने पर प्रभाव एसिड और क्षारीय, मिट्टी, उसकी बनावट और भूमि उद्धार। भूमि गर्मी पर कार्बनिक खादों, हरी खादों और उर्वरकों का प्रभाव। साधारण नाइट्रोजन, फास्फाटिक और पोटेशीय उर्वरकों के गुण।

यांत्रिक बनावट और भूमि की रचना, भूमि रूपान्तर, भूमि संरचना, भूमि जल, भूमि जल के प्रकार, इसके रुकने की क्रिया, भूमि जल का सुलभ होना तथा भूमि जल की माप, भूमि का तापमान, भूमि, वायु तथा इसका महत्व, भूमि संरचना इसके प्रकार तथा भूमि के भौतिक रसायनिक गुणों पर उनका प्रभाव ।

भूमि अकारिकों और भूमि का सर्वेक्षण—भूमि का टूटना, मृदा बनाने वाली चट्टानें और खनिज, मृदा बनाने में उनका बटन और महत्व । चट्टानों तथा खनिजों का अप्रक्षेय: मृदा बनाने के कारण और प्रक्रम, संसार के बड मृदा समूह तथा उनका कृषि संबंधी महत्व । भारतीय मृदायों का अध्ययन । मृदा का सर्वेक्षण तथा वर्गीकरण ।

भूमि संरक्षण के सिद्धान्त—मृदा के अपरदन, अपरदन के कारण, भूमि संरक्षण, शस्त्र तथा इंजीनियरी तरीकों से संबंधित मृदा के गुण, कृषि भूमियों के लिए भूमि से जल निकास की आवश्यकतायें तथा प्रचलित तरीके, भूमि प्रयोग का वर्गीकरण, भूमि संरक्षण, योजना तथा कार्यक्रम ।

वनस्पति विज्ञान (कोड—02)

1. पादप जगत का सर्वेक्षण—पशुओं तथा पादपों में अन्तर: जीवित प्राणियों के गुण: एक सैल तथा अधिक सैल वाले प्राणी में वाइरस पादप जगत के विभाजन का आधार ।

2. आकारिक—(1) एक सैल वाले पादप-सैल, इसकी बनावट तथा अंग, सैलों का विभाजन तथा गुणन ।

(2) अधिक सैल वाले पादप—संवहनी और संवहनी रहित पादपों के तनों में विभिन्नता, संवहनी पादपों की बाहरी तथा भीतरी आकारिकी ।

3. जीवन वृत्त, नीचे दिए गए पादपों में कम से कम एक प्रकार के पादप का अध्ययन—जीवाणु, साइनाफाईसी, क्लोरोफाईसी, फियोफाईसी, रोडोफाइसी, फाइकोम्फीइट्स, एसकोमीसाइट्स, बसीडाइयां, मीसाइट्स विवर्कोर्ट्स, काइयां, टेरियोडोफाइट्स, जिमनोस्पर्म्स और एजीयोस्पर्म्स ।

4. वर्गी—वर्गीकरण के सिद्धान्त—एजीयास्पर्म्स के वर्गीकरण के प्रमुख ढंग : निम्नलिखित प्रजातियों के भिन्न-भिन्न लक्षण तथा आर्थिक महत्व—मेमीनिया, साइटीमिनाए, पार्मेसिआए, लिलीएसाई, आरकोडसीआइ, मोरासीआए, लोरान्यासियाए, ममनीचियासीआए, लोराइसी, क्रूसीफरिए, रोसासीइए, लेग्यूमानासाई, रूटासीज, मालवा सीएई, यूफारबियासेई एनाकाडिएसाई, मालवा सीएई, अपोसीनेसेई एसलेडीसेई, डिपरोकारपेसेई, मिरटसेई, अम्बली फरेलाबिएटई, सोलेपोइसी, रूबियासिचाई, कुकरबाईटोसाई बरबानासेई और कम्पोजिटाई ।

5. पादप-शरीर-क्रिया-विज्ञान—स्वपोषण, पर पोषण जल तथा पोषकों को भीतर लेना, वाष्पोत्सर्जन, फोटोसिन्थेसिस, खनिजपोषण, श्वसन, वृद्धि पुर्नजन्म, पादप/पशु संबंध सिम्बलोसिस, परजीविता, एंजाइम, आक्सीम्स, हार्मोन्स, फोटोपेरियोडिज्म ।

6. पादप रोग विज्ञान—पादप रोगों के कारण तथा उपचार, रोगी अंग, वाइरस हीनताजन्य रोग, रोग से बचाव ।

7. पादप परिस्थिति विज्ञान—भारतीय पेड़-पौधों तथा भारतीय वनस्पति क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में परिस्थिति तथा पादप भूगोल से सम्बद्ध बुनियादी सिद्धान्त ।

8. सामान्य जीव विज्ञान—कोशिकाविज्ञान, आनुवंशिकी, पादप प्रजनन, मन्डलिज्म, संकर ओज, उत्परिवर्तन विकास ।

9. आर्थिक वनस्पति विज्ञान—मानव कल्याण की दृष्टि से पादपों विशेष कर पुष्प पादपों के आर्थिक प्रयोग जो विशेषतया इन वनस्पति उत्पादों के संदर्भ में हों, खाद्यान्न, दाल, फल, चीनी तथा स्टार्च, तिलहन मसाले, पेय, तन्तु, लकड़ी, रबड़ की दवाइयां और आवश्यक तेल ।

10. वनस्पति विज्ञान का इतिहास—वनस्पति विज्ञान से सम्बन्धित ज्ञान के विकास की जानकारी ।

रसायन विज्ञान (कोड 03)

1. अकार्बनिक रसायन विज्ञान

तत्वों का इलेक्ट्रानिक विन्यास आफ-बाउ सिद्धान्त, तत्वों का आवर्ती वर्गीकरण । परमाणु क्रमांक । संक्रमण तत्व और उसके लक्षण में परमाणु और आयनिक त्रिज्यायें आयनन विभव । इलेक्ट्रान, बन्धता और विद्युत-ऋणात्मकता ।

प्राकृतिक और कृत्रिम विघटनाभिकता । नाभिकीय विखण्डन और संलयन ।

संयोजकता का इलैक्ट्रानिक सिद्धान्त, सिग्मा और पाई बन्ध के बारे में प्रारम्भिक विचार सहसंयोजी आबन्ध की संकरण और दिशिक प्रकृति ।

वारनेर का समन्वय मिश्रण सिद्धान्त, उपनिष्ट, धातुकर्मीय तथा विश्लण्य प्रचालनों में निहित सम्पिषणों का इलेक्ट्रानिक विन्यास ।

आक्सीकरण स्थितियां और आक्सीकरण संख्या । सामान्य उपचायक तथा अपचायक आक्सीकरक । आयनिक समीकरण ।

ल्युइस और बूसटेड के अम्ल और क्षार सिद्धान्त ।

सामान्य तत्वों का रसायन विज्ञान और उनके आमिश्र जिनकी विशेष रूप से आवर्ती वर्गीकरण की दृष्ट से अभिक्रिया हो गई हो । निष्कर्षण के सिद्धान्त महत्वपूर्ण तत्वों का वियोजन (और धातुकी) ।

हाइड्रोजन पर आइक्साइड की संरचना डाईबोरेन, एल्युमिनियम क्लोराइड तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस क्लोरीन और गन्धक के महत्वपूर्ण आक्सीएसिड ।

अक्रिय गैस : वियोजन तथा रसायन ।

अकार्बनिक रसायन विश्लेषण के सिद्धान्त ।

सोडियम कार्बोनेट, सोडियम हाइड्रोक्साइड, अमोनिया, नाइट्रिक अम्ल, गन्धकीय अम्ल, सीमेंट, ग्लास और कृत्रिम उर्वरकों के निर्माण की रूपरेखा ।

2. कार्बनिक रसायन विज्ञान

सहसंयोजी आबंधन की आधुनिक संकल्पनाएं, इलैक्ट्रान, विस्थापन प्रेरणिक मैसीमरी और अति संयुग्मन प्रभाव । अनुदान और कार्बनिक रसायन में उसका अनुप्रयोग । वियोजन स्थिरांक (डिसो-सिएशन कांस्टेंट) पर संरचना का प्रभाव ।

एल्केन, एल्कीन और एल्काइन । कार्बनिक मिश्रण के स्रोत के रूप में पेट्रोलियम । एलिफटिक मिश्रणों के सरल व्युत्पन्न । एल्कोहल, एल्डीडाइड्स, कीटोन, अम्ल, हैलाइड एस्टर्स, ईथर, अम्ल, एनाडाइट क्लोराईड और अमिड । एक्षारकीय

हाइड्रॉक्सी कीटोन और एमीनो अम्ल । कार्बधात्विक मिश्रण और एसीटोएसीटिक एस्टर । टार्टरिक लैक्टिक, मसलक और फ्यूमरिक अम्ल । कार्बोहाइड्रेट, वर्गीकरण और सामान्य अभिक्रिया ग्लूकोस, फल शर्करा और इक्षु शर्करा ।

त्रिविम रसायन—प्रकाशीय और ज्यामितीय समावयवता । संरूपण की संकल्पना ।

एल्कीन एल्काइन और एल्काइल । कार्बनिक मिश्रण के स्रोत हैलाइड और एमीनो मिश्रण । बैन्जाइक सैलिसिलिक सिनामिक मैण्डेलिक और सल्फोनिक अम्ल । एरोमेटिक एल्डिहाइड और कीटोन । डाइएजो, एजो और हाइड्रेजो मिश्रण । एरोमेटिक प्रतिस्थान । नैफ्थेलिन पिरिडीन और क्यूमोलिन ।

3. भौतिकी रसायन

गैसों और नियमों का गतिक सिद्धान्त । मैक्सवैल का वेग वितरण नियम । वैण्डरवाल का समीकरण । संगत व्यवस्था का नियम । गैसों का द्रवण । गैसों की विशिष्ट ऊष्मा । सी.पी./सी.वी. का अनुपात ।

ऊष्मागतिकी

ऊष्मागतिकी का पहला नियम का समतापी और रुद्धोष्म प्रसार । पूर्ण ऊष्मा । ऊष्मा धारिता । ऊष्मरसायन—अभिक्रिया ऊष्मा निरमन विलयन और वहन । आबन्ध ऊर्जा की गणना । किरशोफ समीकरण ।

स्वतः परिवर्तित परिवर्तन का मानदण्ड । ऊष्मागतिकी का दूसरा नियम । एण्ट्रापी मुक्त ऊर्जा । रसायनिक संतुलन का मानदण्ड ।

घोल परासरण दाब वाष्प दाब को कम करना, क्वथनांक उन्नयन हिमांक अवनमन यथार्थता । घोल में अणुभार निश्चित करना । विलयों का संगणन और वियोजन ।

रसायनिक संतुलन । द्रव्यमान अनुपाती अभिक्रिया और समांगी तथा विषमांगी संतुलन । ला-शातलिये नियम । रसायनिक संतुलन पर ताप का प्रभाव ।

विद्युत रसायन । फैराडे विद्युत अपघटन नियम विद्युत अपघटन की चालकता में तुल्यांकी चालकता और तनुता में उसका परिवर्तन अल्प विलय लवणों की विलयता विद्युत अपघटनी वियोजन । ओस्टवाल्ड तनुता नियम, प्रबल विद्युत अपघटकों की असंगति, विलयता गुणनफल, अम्लों और क्षारकों की प्रबलता, लवणों का जल अपघटन: हाइड्रोजन आयन की सान्द्रता, उभय प्रतिरोधन क्रिया (बफर क्रिया) सूचक सिद्धान्त ।

उत्क्रमणीय सेल । मानक हाइड्रोजन और कैलोमल इलेक्ट्रोड और रेडॉक्स विभव । सान्द्रता सेल । पी. एच. का निर्धारण । अभिगमन संख्या आयनी गुणनफल विभव मापक अनुमापन ।

रसायनिक बलगतिविज्ञान । अणुसंख्यता और अभिक्रिया की कोटि । प्रथम कोटि की अभिक्रिया और दूसरी कोटि की अभिक्रिया । तापमान अभिक्रिया और दूसरी कोटि की अभिक्रिया । तापमानतः अभिक्रिया । कोटि का निर्धारण अभिक्रिया । तापमानतः अभिक्रिया की कोटि का निर्धारण संघट्टन सिद्धान्त । सक्रियण सिद्धान्त ।

प्रावस्था नियम इसकी शब्दावलियों की व्याख्या । एक और दो घटक तंत्र का अनुप्रयोग । वितरण नियम ।

कोलाइड : कोलाइड विलयन का सामान्य स्वरूप और उनका वर्गीकरण, कोलाइड विलयन और गुणों की सामान्य रीति । स्कन्दन । रक्षक क्रिया और स्वर्णांक । अधिशोषण ।

उत्प्रेरण । समांग और विषमांगी उत्प्रेरण, क्रियाशील वर्धक प्रकाश रसायन, प्रकाश रसायन के नियम । सरल संख्यात्मक ।

सिविल इंजीनियरी (कोड 04)

1 भवन निर्माण कार्य सामग्री तथा उस सामग्री के गुण तथा सामर्थ्य ।

भवन निर्माण कार्य सामग्री—इमारती लकड़ी, पत्थर, ईंट, चूना, टाइल, सण्ड, सुरखी, मार्टर तथा कंक्रीट, धातु तथा कांच इंजीनियरी प्रैक्टिस में प्रयुक्त होने वाली धातुओं और अयस्कों के गुण ।

स्ट्रेस तथा स्ट्रेन का सिद्धान्त—बैंडिंग । टारशन तथा डायरेक्ट स्ट्रेस शहतीरों के मुड़न का इलास्टिक सिद्धान्त, केन्द्रित रूप से बोझ पड़ने के कारण अधिकतम और न्यूनतम दबाव । बैंडिंग मूमेंट और शियर फोर्स के डायग्राम तथा स्थिर और चलायमान दबाव के अधीन शहतीरों का विक्षेप ।

2 भवन निर्माण, जल प्रदाय और सफाई से संबंधित इंजीनियरी

निर्माण—ईंट तथा पत्थर की चिनाई—दीवार, फर्श तथा छत, जीन, लकड़ी के दरवाजे पर नक्काशी, छतें, दरवाजे, खिड़कियां तैयार करना । प्लास्टर प्वाइंटिंग, पेण्ट तथा वारनिश आदि संबंधित अंतिम कार्य ।

मृदा यांत्रिकी (सॉइल मकैनिक्स), मृदा और उससे संबंधित, भार भारवाहन क्षमता और भवनों तथा निर्माण की बुनियादी डिजाइन बनाने के सिद्धान्त ।

भवन निर्माण संबंधी अनुमान तैयार करना—नाप की सिद्धान्त पद्धतियां, भवनों के लिए उनकी मात्रा निर्धारित करना तथा होने वाले व्यय तथा महत्वपूर्ण मदों के विवरण तैयार करना ।

जल प्रदाय—पानी के स्रोत विशुद्धता के मानक शुद्ध करने की प्रणालियां, जल प्रदाय के ढंग, पम्प तथा बूस्टर आदि की रूप रेखा तैयार करना ।

सफाई—गंदी नालियां, तूफान से बहे हुए पानी के लिए और मकानों के लिए अपेक्षित नालियों की आवश्यकताएं आंकना, सेप्टिक टैंक उन्हांक टैंक, कचरे को रखने के लिए नालियां तैयार करना—एक्टीवेटेड स्लाज पद्धति ।

3 सड़क तथा पुल

सर्वेक्षण तथा संरक्षण (अलाइनमेंट)—राजमार्ग के लिए अपेक्षित सामग्री तथा उनके विनियोग, डिजाइन के सिद्धान्त नींव तथा पटरियों की चौड़ाई, कम्बर, ग्रेडिएण्ट, मोड़ और सुपर एलिवेशन, रिटेनिंग वाल्स ।

निर्माण—कच्ची सड़क, स्थिर तथा पानी के बंधे हुए मैकडम सड़क, बिटुमिनस, सीमेंटकारी तथा कंक्रीट सड़क, सड़कों पर नालियां, पुल—उनके प्रकार इकोनामिकल स्पेन, आई. आर. सी. लोडिंग डिजाइनिंग, स्लैब पुलों के ऊपरी ढांचों के डिजाइन बनाना, खम्भों के गार्डर तथा कुएं की नींव के डिजाइन तैयार करने के सिद्धान्त तैयार करना ।

सड़कों और बहुल के लिए मिट्टी के काम का प्राक्कलन ।

4. संरचना इंजीनियरी

इस्पात के ढांचे अनुमत ढांचे, साधारण धरनों तथा गर्डरों के डिजाइन तैयार करना, स्तम्भों के आधार तथा चारों ओर से बीच से दबाव पड़ने वाले स्तम्भों के लिए ढांचे बनाना, चिटकनी लगे, रिपट लगे हुए और वेल्ड किए हुए जोड़।

आर. सी. पी. स्ट्रक्चर (ढांचे)—मुक्त सीमान्त का विवरण—अपेक्षित मजबूती और उसके हिसाब से उनके प्रयोग आबंटन करना। डिजाइन कोर्स के लिए भारतीय मानक संस्थान के मानक/आर. सी. सी. के पदार्थों में अनुमत स्ट्रेस का जोड़, सीधी वर्किंग स्ट्रेस के अनुसार हों। साधारण रूप से सहारे के साथ लटकते हुए कन्टीलीवर शहतीर, चोकोर तथा टी बाक्स के शहतीर जो फर्शों, छतों और पिंटल में प्रयुक्त होते हों—चारों ओर से दबाव सहारने वाले स्तम्भ तथा उनके आधार।

भू-विज्ञान (कोड—05)

1. सामान्य भू-विज्ञान

पृथ्वी की उत्पत्ति, काल और आंतरिक भाग, विभिन्न भू-वैज्ञानिक एजेंसियां और स्थलाकृति, अपक्षय और अपरदन (अनाच्छादन) पर उनका प्रभाव, मृदा के प्रकार, उनका वर्गीकरण और भारत के मृदा समूह, भारत के भू-प्रकृति, उप-भाग, वनस्पति और स्थलाकृति ज्वालामुखी, भूकम्प, पर्वत पटल विरूपण।

2. संरचनात्मक भू-विज्ञान

आग्नेय, अवसादी और कायान्तरित चट्टानें, नति, नति लम्ब और दलान वलन, भ्रंश और विषम विन्यास और पृष्ठों पर उनका प्रभाव, भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और मानचित्र की विधियों के सम्बन्ध में प्रारम्भिक जानकारी।

3. क्रिस्टल विज्ञान और खनिज विज्ञान

क्रिस्टल समिति के बारे में प्रारम्भिक जानकारी, क्रिस्टल विज्ञान के नियम, क्रिस्टल की प्रकृति और असमता (ट्विनिंग) सामान्य खनिजों, महत्वपूर्ण शैल रचना, रासायनिक संघटन, भौतिक गुण, प्रकाशिक गुण धर्म, परिवर्तन और वाणिज्यिक उपयोग संबंधी अध्ययन।

4. आर्थिक भू-विज्ञान

भारत के महत्वपूर्ण खनिजों और उनकी उपस्थिति की अवस्था का अध्ययन, अयस्क निक्षेपों का उद्भव और वर्गीकरण।

5. शैल विज्ञान

आग्नेय अवसादी और कायान्तरित चट्टानों तथा उनके उद्भव और वर्गीकरण का प्रारम्भिक ज्ञान, चट्टानों के सामान्य प्रकारों का अध्ययन।

6. स्तर क्रम-विज्ञान

स्तर क्रम-विज्ञान के नियम, भू-विज्ञान अभिलेखों का अवम, वैज्ञानिक और कालानुक्रम उप-विभाजन। भारतीय स्तर क्रम-विज्ञान की महत्वपूर्ण विशेषताएं।

7. जीवाश्म विज्ञान

जीवाश्म विज्ञान सम्बन्धी आधार सामग्री का विकास से संबंध। जीवाश्म (फॉसिल्स) उनका स्वरूप और उनके परीक्षण की विधि। प्राणि जीवाश्मों और पादप जीवाश्मों की निरूपण आकृतियों के आकारिकी विज्ञान और विभाजन की प्रारम्भिक जानकारी।

कृषि इंजीनियरी (कोड—06)

1. मृदा तथा जल संरक्षण—मृदा संरक्षण की व्याख्या तथा उसका क्षेत्र, भूक्षरण के प्रकार तथा जल विज्ञान, उनके कारण, जल विज्ञान संबंधी चक्र, वर्षा तथा जलवायु, उपर प्रभाव डालने वाले तत्व तथा उनके आकार, स्टीम गार्जिंग वर्षा के जल-प्रवाह का मूल्यांकन, भूक्षरण पर नियंत्रण के उपाय, जैविक तथा इंजीनियरी।

समोच्च बनाने हुए जलमार्गों को बनाना। मृदा संरक्षण सम्बन्धी ढांचों, टैरेस, बांध, नालियों तथा घास उगाने हुए पानी के निकास मार्गों का डिजाइन बनाना, बाढ़ नियंत्रण के सिद्धान्त। तालाब तथा मिट्टी के बांध तैयार करना नदी के किनारों पर बाढ़ के पानी की निकासी के लिए मार्ग बनाना, फार्म के लिए संरक्षण तथा उसका नियंत्रण, वायु जनित भूक्षरण तथा उस पर नियंत्रण। जल संरक्षण की देखभाल के सिद्धान्त।

नदी घाटी परियोजना से सम्बन्धित जांच तथा योजनाओं को तैयार करना।

2. सिंचाई तथा ड्रेनेज—मृदा, जल पौधों के पारस्परिक संबंध सिंचाई के स्रोत तथा प्रकार। लघु सिंचाई परियोजनाओं की योजना तथा डिजाइन तैयार करना, मिट्टी की नमी का पता लगाने की तकनीक।

जल के उपयोग। फसलों के लिए जल की आवश्यकता। सिंचाई का परिमापन तथा उसका व्यय। नदी नालों तथा नालियों द्वारा जल प्रवाह नापने की प्रणाली। सिंचाई प्रणालियों की रूपरेखाएं बनाना। नहरी क्षेत्रों की नालियों, पाइप लाइनों, हैण्ड गेट्स वाइवर्जन बाक्स, स्प्रिंकलर तथा ड्रिप इरिगेशन के डिजाइन बनाना तथा उनका निर्माण करना। भू-जल प्राप्ति। कुओं की कृषि इंजीनियरी कुओं के प्रकार, उनके निर्माण तथा उनकी लागत की प्रणाली, कुओं के विकास कुओं का टेस्ट करना।

ड्रेनेज—परिभाषा—जलाक्रांत के कारण। ड्रेनेज के ढंग। सिंचाई की जाने वाले भूमि में नालियों को बनाना। जल तथा भूमि के नीचे नालियां बनाने के डिजाइन तैयार करना।

3. निर्माण सामग्री—निर्माण सामग्री के प्रकार—उनके गुण धर्म: टिम्बर, सीमेंट, कंक्रीट तथा आर. सी., कम्पोजीशन, शहतीरों स्तम्भों के नींव तथा स्तम्भों के डिजाइन तैयार करना। फार्मस्टेड की योजना बनाना फार्म हाउस, पशुशाला तथा भंडार के लिए ढांचों का डिजाइन बनाना। ग्रामीण जल पदार्थ तथा सफाई की व्यवस्था।

4. फार्म विद्युत तथा मशीनरी—भिन्न-भिन्न प्रकार के आंतरिक दहन इंजिन लगाना। आंतरिक दहन इंजिनों का चालन, कल तथा नियंत्रण तथा उनमें तेल डालना और उनके लिए ईंधन की सामग्री उपलब्ध करना। ट्रैक्टरों के कॉम्बिनेशन और स्टीयरिंग के भिन्न-भिन्न प्रकार, प्रारम्भिक तथा माध्यमिक जुताई के लिए कृषि की मशीनरी, बोने की मशीनरी, गहाई के औजार आदि। पौधों के संरक्षण का उपकरण। फसलों की कटाई अनाज गहने के औजार भूमि विकास के लिए मशीनरी पम्प इंजीनियरी।

5. बिजली तथा गांवों में बिजली उपलब्ध करना—बिजली तैयार करना तथा उसका वितरण ... की ...

फार्मों में बिजली ऊर्जा का उपयोग। गांव में उपयोग होने वाले बिजली के मीटर उनके प्रकार सम्बन्धी जानना उन्हें लगाना तथा उनकी देख-रेख।

रसायन इंजीनियरी (कोड 07)

1. परिवहन की घटनाएं (स्थिर स्थिति के अधीन) :

(क) मोमेन्टम ट्रांसफर

(1) बहाव के विभिन्न ढंग तथा उनके मापदण्ड।

(2) वैलोसिटी प्रोफाइल ।

(3) फिल्ट्रेशन सेडीमेंटेशन, सेंट्रीफ्यूज ।

(4) तरल पदार्थों में ठोस पदार्थों का बहाव।

(ख) ऊष्मा स्थानांतरण : ऊष्मा स्थानांतरण के विभिन्न डाइमेंशन ढंग, चपटे बेलनकार, वर्गाकार एक मात्र तथा मिश्रित शीशों की तहों के लिए गति मापना।

कन्वेक्शन—फोर्स्ड और फ्री कन्वेक्शन में प्रयुक्त विभिन्न डाइमेंशन रहित ग्रुप।

अलग तथा पूर्ण रूप से स्थानान्तरण का रूप निर्धारित करना ।

वाष्पीकरण—विकिरण—स्टेफन, बोल्टजमैन का नियम—एमिसिविटी तथा एब्जार्प्टिविटी ज्योमैट्रिकल शेप फैक्टर भट्टियों में ऊष्मा के दबाव का हिसाब लगाना ।

(ग) सहित स्थानांतरणीय गैसों तथा तरल पदार्थों का विसरण। एबजोर्पशन (डिजोर्पशन), ह्यूमिडीफिकेशन, डीह्यूमिडीफिकेशन, ड्राइंग तथा डिस्टीलेशन । मोमेंटम हीट तथा मास और ट्रांसफर के भेद।

2. ऊष्मा गतिकी

(क) ऊष्मा गतिकी के प्रथम और तृतीय नियम ।

(ख) एन्टरनल एनर्जी, एन्ट्राफी एन्थालफी और स्वतंत्र उर्जा निर्धारण। सजातीय तथा विजातीय सिद्धांतों के लिए कैमिकल इक्विलिब्रियम कांस्टेंट निर्धारित करना। दहन डिस्टीलेशन तथा ऊष्मा स्थानांतरण में ऊष्मा गतिकी का उपयोग तरल पदार्थों—ठोस और तरल पदार्थों तथा ठोस पदार्थों के मिश्रण के सिद्धांत तथा मैकेनिज्म।

3. प्रतिक्रिया इंजीनियरी

(1) बलगतिकी संजातीय और विजातीय प्रतिक्रियाएं, प्रथम और द्वितीय प्रकार की प्रतिक्रियाएं, बच तथा फिलोरिएक्टर तथा उनके डिजाइन।

(2) केटलेसिस—केटलेसिस की क्रमिक तैयारी। मैकेनिज्म पर आधारित कैटलेसिस का सिद्धान्तिक रूप।

4. ट्रांसपोर्टेशन

सामग्री विशेषत: पाउडरों, रोजिन उड़ जाने वाले तथा न उड़ने वाले पदार्थ, एसलाप और हिमपोर्शन पदार्थों कन्वेयरों तथा बलोअर्स एकत्रित करना तथा उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना। मिक्स-चर-ढंग: धनत्वत्व घनत्व के लिए विभिन्न मिक्सरों को मिलाने की प्रक्रिया तथा सिद्धांत।

5. सामग्री

के उपयोग जिनके रासायनिक उद्योग में निर्माण की सामग्री का चुनाव किया जाता है। धातु और मिश्रधातु, चीनी मिट्टी से प्लास्टिक तथा रबड़, इमारती लकड़ी तथा उससे बनी चीजें प्लाईवुड लैमिनेट।

वाछ और बेरल फिल्टर प्रसेज आदि के निर्माण के लिए उपस्कर तैयार करना।

6. यंत्रीकरण तथा प्रक्रिया नियंत्रण

यांत्रिक हाइड्रौलिक न्यूमैटिक थरमल/आप्टिकल, मैगनैटिक, इलैक्ट्रिकल तथा इलैक्ट्रानिक औजार नियंत्रण तथा नियंत्रण के ढंग, आटोमेशन।

गणित (कोड 09)

भाग—'क'

बीज गणित : समुच्चय (सैट्स)—गणित; सम्बन्ध तथा फलन (फंक्शन) फलन का प्रतिलोम, मिश्रित फलन, तुल्यता सम्बन्ध।

संख्या : पूर्ण संख्या, परिमेय संख्या वास्तविक संख्या (गुणधर्मों के विवरण) सम्मिश्रण संख्या, सम्मिश्रण का संख्याओं का बीज गणित।

समूह : उप समूह, प्रसामान्य उप समूह, चक्रीय तथा क्रमचय समूह, लागरेंज की प्रमेय, आइसोमोर्फिज्म। परिमेय, इण्डेक्स की डी-माइवरस प्रमेय तथा इसके साधारण प्रयोग।

समीकरण के सिद्धांत—बहुपदीय समीकरण, समीकरण का रूपान्तरण, बहुपदीय समीकरणों के मूलों तथा गुणांकों के बीच संबंध, त्रिघात तथा चतुर्घात समीकरणों के मूल। समिति फलन, मूलों का स्थान निर्धारण तथा मूल निकालने का न्यूटन का सिद्धांत।

आव्यूह (मेट्रीसेज), आव्यूहों—सारणिकों का बीजगणित सारणिकों का साधारण गुण धर्म, सारणिकों का गुणनफल, सह खण्डज आव्यूह, आव्यूहों/का प्रतिलोपन, आव्यूहों की जाति, रैखिक समीकरण के हल निकालने के लिए आव्यूहों का प्रयोग (तीन अज्ञात संख्याओं में)।

असमताएं : गणित तथा ज्यामितीय माध्य, कोशी, स्वार्ज असमता (केवल परिमित संख्याओं के लिए) ।

द्विविम और त्रिविम की विश्लेषक ज्यामिति

द्विविम की विश्लेषिक ज्यामिति—सीधी रेखाएं, युग्ल सरल रेखाएं, वृत्त निकाय, दीर्घवृत्त, परवलय अपितयरवलय (मुख्याक्ष के नाम से निर्दिष्ट) । द्वितीय अंश के समीकरण का मानक रूप तथा लघुकरण। क्रियाएं तथा अविलम्ब।

त्रिविम की विश्लेषक ज्यामिति

समतल सीधी रेखाएं तथा गोलक (केवल कार्तीय निर्देशांक) । कलन और विभिन्न समीकरण।

कलन (कैलकुलस) और विभिन्न समीकरण

अवकल गणित—सीमांत की संकल्पना, वास्तविक चर फलन का सांतत्य और अवकलनीयता, मानक फलन का अवकलन उत्तरोत्तर अवकलन। रोल का प्रमेय। मध्यमान-प्रमेय, मकलारिन और टलर सीरिज (प्रमाण आवश्यक नहीं है) और उनका अनुप्रयोग, परिमेय सूचकांकों के लिए द्विपदप्रसारण, चरघातांकों प्रसारण, लघुगणतीय त्रिकोणमितीय और अति परवलयिक फलन । अनिर्धारित रूप, एकल टर, फल का उच्चिष्ठ और अल्पिष्ठ, वक्र रेखा अभिलम्ब, अधोस्पर्शी, अधोलम्ब अनन्तस्पर्शी वक्रता (केवल कार्तीय निर्देशांक) जैसे ज्यामितिय अनुप्रयोग । एकाधिक आंशिक अवकलन । सामांगी फलनों से संबंधित आयलर प्रमेय।

समाकलन—गणित इंटीग्रेल (कैलकुलस)

समाकलन की मानक प्रणाली, सतत फलन के निश्चित समाकलन की रीमान परिभाषा । समाकलन गणित के मूल सिद्धान्त परिशोधन, क्षेत्रकलन, आयतन और परिक्रमण घनाकृति का पृष्ठीय क्षेत्रफल । संख्यात्मक समाकलन के बारे में सिम्सन का नियम ।

अनुक्रम और सीरीज का अभिसरण, वन संख्याओं के साथ सीरीज अभिसरण का परीक्षण। अनुपात, मूल और ग्रैस परीक्षण। एकांतर श्रेणी ।

अवकलन समीकरण—प्रथम कोटि के मानक अवकलन समीकरण का हल निकालना । नियत गुणांक के साथ द्वितीय और उच्चतर कोटि का रैखिक समीकरण का हल निकालना । वृद्धि और क्षय का समस्याओं का सरल अनुप्रयोग । सरल आवर्त्त गति, सरल लोलक तथा उसके समदिशा ।

भाग 'ख'

यांत्रिकी (वैक्टर पद्धति का उपयोग किया जा सकता है)

स्थिति विज्ञान—बल का निरूपण, बल समानान्तर चतुर्भुज, बल संयोजन और बल वियोजन और समतलीय तथा सामग्री बलवे की साम्यावस्था की स्थिति बल त्रिभुज । जातीय और विजातीय समानान्तर बल । आधूर्न । बलयुग्म समतलीय, बलों का साम्यावस्था की सामान्य स्थिति । साधारण तत्वों के गुरुत्व केन्द्र । स्थैतिक घर्षण । साम्य घर्षण और सीमान्त घर्षण । घर्षण कोण । रूक्ष अनात समतल पर के कण की साम्यावस्था । सरल निर्मेय । साधारण मशीन (उत्तोलक घिरनी की निर्देश पद्धति गियर) कल्पिक काय (दो आयामों में) ।

गति विज्ञान शुद्ध गति विज्ञान—कण का त्वरण, वेग, चाल और वस्थापन, आपेक्षित वेग । निरन्तर त्वरण की अवस्था में सीधी रेखा गति न्यूटन के गति सम्बन्धी सिद्धांत । संकेन्द्र कक्षा सरना प्रसवदा गति (निर्वात में) गुरुत्वावस्था में गति । आवेक कार्य और ऊर्जा । रैखिक संवेग और ऊर्जा का संरक्षण । एक समान बल गति ।

खगोल विज्ञान

गोलीय त्रिकोणमिति—ज्या एवं कोटिज्या फार्मूला । समकोण गोलीय त्रिकोणों के गुण ।

गोलीय त्रिकोण निति—ज्या एवं कोटिज्या फार्मूला । और उसका रूपान्तरण दैनिक गति वक्षिण समय, और समय स्थानीय और मानक समय, समय समीकार । सूर्य और नक्षत्रों का उदय और अस्त, क्षितिज गति खगोल अपवर्तन सांध्य प्रकाश, लक्स लपरेण, परस्परण और विदोलन । केपलर के नियम । ग्रह कक्ष और स्तब्ध बिन्दु । चन्द्रमा की दृष्टि गति, चन्द्रमा की अवस्थाएं । खगोलीय यंत्र—सारदेन प्रेषण यंत्र ।

सांख्यिकी

प्रायिकता की शास्त्रीय और सांख्यिकीय परिभाषा, संचयात्मक प्रणाली की प्रायिकता का परिकलन, योग एवं गणन सिद्धान्त, सप्रतिबन्ध प्रायिकता यादृच्छिक चर (विविक्त और अवरित), अल्प फलन, गणितीय प्रताशा ।

मानक वतरण—द्विपद परिभाषा माध्य और प्रसरण बंधय सीमान्त रूप सरल अनुप्रयोग । प्वासी—परिभाषा माध्यम और प्रसरण योज्यता उपलब्ध आंकड़ों में प्वासी बंटन का समंजन सामान्य—सरल समानुपात और सरल अनुप्रयोग उपलब्ध आंकड़ों के सामान्य और प्रसामान्य बंटन का समंजन ।

द्विवचर वितरण—सह सम्बन्ध, दो चरों का रैखिक समीश्रमण, सीधी रेखा का समंजन, परबलयिक और चल घातांकी वक्र सह सम्बधित गुणांक के गुणक ।

सरल प्रतिदर्श वितरण और परिकल्पनाओं का सरल परीक्षण—याहच्छिक प्रतिदर्श, सांख्यिकी, प्रतिदर्श वितरण और मानक त्रुटि। अर्धवता के परीक्षण में प्रसामान्य, टी., कोई वेग $(chi)_2$ और एफ वितरणों का सरल अनुप्रयोग ।

नोट :—उम्मीदवारों को पाठ्य विवरण के भाग "क" में से तीन विषयों में से नामत: (1) बीज गणित, (2) द्विविम और त्रिविम विश्लेषि ज्यामिति तथा (3) कलन (कैलकुलस) और विभिन्न समीकरण प्रत्येक पर, एक-एक प्रश्न का उत्तर, देना अनिवार्य होगा । पाठ्य विवरण के भाग "ख" में से तीन विषयों में से नाम : (1) यांत्रिकी, (2) खगोल विज्ञान और (3) सांख्यिकी, किसी एक पर कम से कम प्रश्न का उत्तर देना, अनिवार्य होगा ।

मेकेनिकल इंजीनियर : (कोड-10)

1. पदार्थों की शक्ति

स्ट्रैसेज तथा स्ट्रेन—हुक का नियम तथा इलास्टिक कांस्टेंटस के बीच के संबंध—टेंशन व कम्प्रेशन बार्ज तथा तापमान में परिवर्तन के कारण हुए स्ट्रैसेज ।

साधारण लदान के लिए सामान्य सहारों के साथ लटकते हुए और कन्टीलीवर बीम्स के बंकन आपूर्ण, अपरूपक बल और विक्षपण ।

राउन्ड बार्ज में टार्शन—शैफ्ट्स द्वारा बिजली परिषण—स्प्रिंगज ।

सम्मिलित बंकन और सीधे प्रतिबल तथा सम्मिलित व टार्शन के सामान्य मामले ।

फेल्योर की इलास्टिक थ्योरी-स्ट्रैस कन्सेन्ट्रेशन तथा फौटिग।

2. मशीनों और मशीन डिजाइनों का सिद्धान्त :

मशीनों में पुर्जों की सापेक्ष वेलोसिटी तथा गणना करके दिखाना

इंजनों के वक्र एफर्ट डायाग्राम-फ्लाई व्हीलस की गति विविधता । गवर्नर्स बेल्ट ड्राइव द्वारा पारेषित बिजली जरनल तथा थस्ट बियरिंग, बाल तथा रोलर बियरिंग का फ्रिक्शन तथा लुब्रिकेशन फासनिंग और लाकिंग डिवाइस के डिजाइन बनाना—रिवेट लगाए हुए बोल्ट और वैल्ड किए हुए जोड़ों और फासनिंग के लिए मात्राएं ।

3. प्रयुक्त उष्मा गतिकी :

ईन्धन दहन—वायु पूर्ति—ईन्धन तथा निष्कास गैस का विश्लेषण ।

ब्वायलर्स, सुपर हीटर्स तथा इकोनोमाइजर्स—ब्वायलर माउन्टिंग वाष्प के भौतिक गुण धर्म ।

वाष्प सारणियां और उनके उपयोग ।

उष्मा गतिकी के नियम-गैस नियम गैसों का विस्तार तथा संपीडन वायु संपीडक ।

आदर्श और वास्तविक इंजिन क्रम।

तापमान का उपयोग—एन्ट्रापी, ताप-एन्ट्रापी तथा प्रसार वाल्यूम चार्ट और आयाम।

साधारण वाष्प इंजन और अतिरिक्त दहन वाले इंजन।

सूचक और सचक आयाग्राम—यांत्रिक। तापीय, वायु मानक और वास्तविक दक्षताएं—सामान्य। निर्माण—इंजन ट्रायल और माप संतुलन।

4. प्रौद्योगिक इंजीनियरी:

काम मशीन औजार—लेथ, शेपिंग, प्लेन से ड्रिलिंग मशीनों के प्रचयन सिद्धान्त-मिलिंग मशीन, ग्राइंडिंग मशीनें जिग तथा फिक्सचर। धातु काटने वाले औजार, औजार सामग्री औजार ज्यामिति।

कटिंग फ्लूइड—अपवर्ती ब्लेड्स।

वेल्डिंग—संधीयता और विभिन्न वेल्डिंग प्रक्रियाएं—वेल्डों का टेस्ट करना।

फार्मिंग प्रोसेस—धातुओं का मोल्डिंग, कास्टिंग, फोर्जिंग, रोलिंग तथा ड्राइंग।

मापिकी—लाइनियर तथा एंगुलर परिमाप—सीमाएं तथा आक्षेप। स्क्रू और गियर का परिमाप—सकल मिडिल— प्रकाश-कीय यंत्र।

औद्योगिक इंजीनियरी—प्रणाली अध्ययन और कार्य मापन—गति समय संबंधी तथ्य कार्य समस्या—कार्य मूल्यांकन, मजदूरी और प्रोत्साहन आयोजन, नियंत्रण, संयंत्र की रूप रेखा।

तरल यांत्रिकी और पन बिजली:

बरनोली का समीकरण—मूविंग प्लेट स्ट्रेट वैल्स—पम्प और टरबाइन। अभिकल्पन नियम, प्रयोग और विशिष्ट चक्र समानता के सिद्धांत, गवर्निंग जलीय संचालक और तीव—क्रेन और लिफ्ट सर्ज टैंक और रिजर्वायर्स।

भौतिकी: (कोड-11)

पदार्थ के सामान्य गुण और यांत्रिकी

यूनिटें और विमाएं, स्केलर और वेक्टर मात्राएं, जड़त्व आघूर्ण कार्य ऊर्जा और संवेग यांत्रिकी के मूल नियम, घूर्णी गति, गुरुत्वाकर्षण, सरल आवर्त, गति सरल और असरल लोलक, केटर लोलक, प्रत्यास्थता—पृष्ठ तनाव श्यानता, रोटरी पम्प, मक्लियोड गेज।

2. ध्वनि:

अवमंदित, प्रणोदित और मुक्त कंपन, तरंग गति डाप्लर प्रभाव ध्वनि तरंग वेग, किसी गैस में ध्वनि के वेग पर दाब तापमान, आर्द्रता का प्रभाव, तारों, छड़ों प्लेटों और गैस स्तम्भों के कम्पन, अनुनाद, विस्पंदन ध्वनि का तीव्रता और उसका मापन। तापीय प्रसार, गैसों में समतापी प्रसारण के मूल तत्व, ग्रामोफोन और लाउडस्पीकरों के प्रारंभिक सिद्धान्त।

3. ऊष्मा और ऊष्मा गति विज्ञान

तापमान और उसका मापन: तापीय गैसों में समतापी तथा रुद्धोष्म (एडियाबाटिक) परिवर्तन/विस्तार [illegible] और ऊष्मा चालकता, द्रव्य में अणुगति सिद्धांत में [illegible] विस्तार नियम का भौतिक बोध, वांडर वाल्स की अवस्था समीकरण,

जौल थामसन प्रभाव: गैसों का द्रवण, उसका प्रयोग आवस्था प्रमेय, ऊष्मा गति विज्ञान के नियम और उसके सरल अनुप्रयोग, कृष्णिका विकिरण।

4. प्रकाश:

ज्यामितीय प्रकाश की, प्रकाश का वेग, समतल और गोलीय पृष्ठों का प्रकाश पर परावर्तन और अपवर्तन प्रकाशीय प्रतिबिम्बों में दोष और उनका निवारण, नेत्र और अन्य प्रकाशिक यंत्र का रचना; व्यतिकरण सरल व्यतिकरण मापी विवर्तन, विवर्तन ग्रेटिंग प्रकाश का ध्रुवण। स्पेक्ट्रमी विज्ञान के तत्व।

5. विद्युत और चुम्बकत्व:

सरल मामलों में विद्युत क्षेत्र तीव्रता विभव का परिकलन, गाउस प्रमेय और उसके सरल अनुप्रयोग; विद्युत मापी, विद्युत क्षेत्र के कारण ऊर्जा द्रव्य के विद्युत और चुम्बकीय गुण धर्म, हिस्टेरिसिस चुम्बकीयशीलता और चुम्बकीय प्रवृत्ति धारा से उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र मुविंग मैग्नेट एवं मुविंग क्वायल गैल्वेनोमीटर; धारा और प्रतिरोध का मापन; विभिन्न सर्किट अवयवों के गुणधर्म और उनका निर्धारण ताप विद्युत प्रभाव; विद्युत चुम्बकीय प्रेरण—प्रत्यावर्ती धाराओं का उत्पादन, ट्रांसफार्मर और मोटर। इलेक्ट्रानिक वाल्व और उनके सरल अनुप्रयोग।

बोर के परमाणु सिद्धांत के तत्व इलेक्ट्रान; कैथोड-रे और एक्स-रे इलेक्ट्रानिक चार्ज और द्रव्यमान का मापन।

प्राणि विज्ञान (कोड-13)

प्राणि जगत का प्रमुख समूहों में वर्गीकरण, विभिन्न वर्गों के विशिष्ट लक्षण।

रज्जु रहित (नान-कार्डेट) किस्म के प्राणियों की बनावट, आदतें और जीवन-वृत्त।

अमीबा-मलेरिया परजीवी। स्पंज, हाइड्रा, फीता कृमि, गोल कृमि, केंचुआ, जोंक, तिल चट्टा गृह मक्खी, मच्छर, बिच्छू, ताजे पानी का मसल, लाल [illegible] स्टार फिश (केवल बाह्य लक्षण)।

कीटों का आर्थिक महत्व। निम्नलिखित कीटों की परिस्थिति और जीवन-वृत्त:

दीमक, टिड्डी शहद की मक्खी और रेशम का कीड़ा। रज्जु का क्रम वर्गीकरण।

निम्नलिखित प्रकार के रज्जुमान प्राणियों की बनावट और तुलनात्मक शरीर।

ब्रेंकिओस्टोमा, स्कोलियोडान; मेंढक यूरोमेस्टिक्स या कोई अन्य छिपकली (वरानस का अस्थिपंजर); कबूतर (कबूतर का अस्थिपंजर); और खरगोश, चूहा या गिलहरी।

मेंढक और खरगोश के सम्बन्ध में ऊतककाय के विभिन्न अंगों तक विज्ञान और शरीर क्रिया विज्ञान की प्रारंभिक जानकारी अन्तः स्त्रावी ग्रंथियों और उनका कार्य।

मेंढक और चूजे के विकास की रूप-रेखा भ्रूणी झिल्लियों की बनावट और कार्य।

विकास के सामान्य नियम; विभिन्नता, आनुवंशिकता, अनुकूलन प्राकृतिक वरण परिकल्पना; भौगोलिक वितरणिकता [illegible] और [illegible] की विधियां, अनिषेक जनन; पार्थेनोजेनेसिस कार्य-रूप पीढ़ी एकान्तरण।

विशेष रूप से भारतीय जन्तु समूह के सन्दर्भ में जन्तुओं का पारिस्थितिक और भूवैज्ञानिक वितरण ।

भारत के अन्य प्राणी जिसमें विषैले और विषहीन सांप भी शामिल हैं; शिकार पक्षी ।

सांख्यिकी (कोड-14)

टिप्पणी :—सभी नौ प्रश्नों में से क, ख और ग प्रत्येक भाग से चार-दो प्रश्न 'क' भाग से तीन प्रश्न किए जाने हैं ।

उम्मीदवार के लिए प्रत्येक भाग से कम से कम एक प्रश्न चुनकर पांच प्रश्नों के उत्तर देने आवश्यक हैं । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

क. प्रायिकता सिद्धांत

यादृच्छिक प्रयोग, प्रायिकता की चिर प्रतिष्ठित और अभिगृहीत परिभाषाएं, योग और गुणन प्रमेय; सप्रतिबन्ध प्रायिकता; स्वतन्त्र असंयुक्त; बेज का प्रमेय ।

यादृच्छिक चर; प्रायिकता द्रव्यमान और घनत्व फलन; बंटन-फलन; गणितीय प्रत्याशा; आघूर्ण; आघूर्ण जनक फलन ।

द्विपद; प्वासों, ज्यामितिक हाइपर ज्यामितिक ऋणात्मक द्विपद; एक समान, प्रासामान्य, बीटा और गामा बंटन ।

प्रासामान्य द्विचर बंटन; संप्रतिबंध और उपांत बंटन ।

चेबीशेव की असमिका; बृहत संख्याओं का दुर्बल नियम और स्वतंत्र एवं समान रूप से वितरित यादृच्छिक चरों के लिए केन्द्रीय सीमा प्रमेय (केवल कथन एवं अनुप्रयोग) ।

ख. सांख्यिकीय विधि

आंकड़ों का संकलन और संक्षेपण; सारणी और आरेखी निरूपण। केन्द्रीय प्रवृत्ति और इसके माप, समांतर माध्य, ज्यामितीय माध्य, हरात्मक माध्य, माध्यिका और बहुलक—इनके आपेक्षिक गुण और दोष । प्रकीर्णन और इसके माप, परास, अंतर्चतुर्थक परिसर, माध्य विचलन, माध्य विक्षेप, विचलन और गुणांक, इनके गुण धर्म ।

वैषम्य और ककुदता और इनके माप । द्विचर आंकड़ों का संक्षेपण; गुणात्मक आंकड़ों की संगति, गुणों का स्वातंत्र्य और साहचर्य के माप ।

सहसंबंध और समाश्रयण; कोटि सहसंबंध, अंतर-वर्ग, सहसंबंध, सहसंबंध अनुपात; केवल तीन अभिलक्षणों के लिए आंशिक और बहु सहसंबंध ।

ग. प्रतिदर्शी बंटन तथा अनुमिति

यादृच्छिक प्रतिदर्श तथा प्रतिदर्शी बंटन की संकल्पना, (काई वर्ग) और बंटन ।

परिकल्पनाओं का परीक्षण; दो प्रकार की त्रुटियां; सार्थकता का स्तर; परीक्षण की क्षमता एक सरल विकल्प के प्रति सरल परिकल्पना के परीक्षण हेतु नेमैन-पियर्सन का प्रयोग। सर्वोत्तम परीक्षण और एक समान सक्षमतम परीक्षण की संकल्पना ।

प्रासामान्य, t z^2 (काई वर्ग) और F बंटनों पर आधारित अन्तराल, माध्य, प्रसारण, सह सम्बन्ध तथा समाश्रयण गुणांकों के लिए परीक्षण । बृहत् प्रतिदर्श परीक्षण । अप्राचलिक परीक्षण, चिह्न परीक्षण; माध्यिका परीक्षण; विल्कॉक्सनमान-व्हिटनी परीक्षण, परम्परा परीक्षण । प्राचलों का आकलन; बिन्दु तथा अन्तराल आकलन, आकलकों की अनभिनतता, संगति, दक्षता तथा पर्याप्तता । अधिकतम संभाविता तथा आघूर्णों की विधियां; उनके गुण-दोष (केवल कथन) ।

अनुप्रयुक्त सांख्यिकी

प्रतिदर्श बनाम पूर्ण सरल यादृच्छिक; प्रतिस्थापन रहित तथा प्रतिस्थापन सहित प्रतिचयन, यादृच्छिक संख्याओं का प्रयोग ।

स्तरित प्रतिचयन : नियतन की समस्यायें, क्रमबद्ध प्रतिचयन : गुच्छ प्रतिचयन तथा प्राथमिक चरण एककों के लिए दो चरण प्रतिचयन। आकलन की अनुपात तथा समाश्रयण विधियां । अप्रतिचयन त्रुटि, परस्परव्यापी उप प्रतिदर्श । प्रयोग की अभिकल्पना, वैज्ञानिक प्रायोगिक—नियम; यादृच्छिकीकरण, पुनरावृत्ति और स्थानीय नियंत्रण, पूर्णतया यादृच्छिकृत; यादृच्छिकीकृत खण्डक और लैटिन वर्ग अभिकल्प अप्राप्त खंडक प्रविधि ।

काल श्रेणी विश्लेषण :—काल श्रेणियों के घटक; प्रवृत्ति, मौसम विचरण तथा यादृच्छिक उच्चावचन के माप ।

सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण :—विचरण के कारण; नियंत्रण और विनिर्देश सीमाएं X, R, (सिग्मा), P तथा (चार्टों की रचना और उपयोग) । एकल तथा द्विक प्रतिचयन स्वीकरण योजनायें ।

सूचकांक :—मूल्य तथा मात्रा सूचकांकों की परिभाषा, रचना और उपयोग । लैस्पेयरे, पाश्चे, मार्शल-एजवर्थ तथा फिशर के सूचकांक; सूचकांकों के लिए परीक्षण । निर्वाह सूचकांक की रचना ।

वानिकी (कोड-15)

उम्मीदवारों को नीचे दिए गए भाग क और ख अथवा भाग क और ग में से प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।

भाग क में छः प्रश्न और भाग ख में प्रत्येक में पांच-पांच प्रश्न होंगे । उम्मीदवार 'क' भाग से कम से कम तीन और अधिक से अधिक चार प्रश्न तथा भाग 'ख' अथवा 'ग' किसी में से कम से कम दो और अधिक तीन प्रश्न कर सकते हैं ।

भाग क

1. वन वर्धन

वनवर्धन संबंधी सामान्य नियम : वनस्पति पर प्रभाव डालने वाले पारिस्थितिक तथा क्रियात्मक कारक. वनों का प्राकृतिक तथा कृत्रिम पुनरुत्पादन. रोपणी प्रविधियां, बीज प्रौद्योगिकी—संग्रह, भंडारण, पूर्व उपचार तथा अंकुरण स्थापना और परिपालन।

वन वर्धन पद्धतियां :—निश्शेष पातन, एक समान, रक्षीवितान, चयन, रक्षण तथा रूपान्तरण पद्धतियां।

भारत की आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण कुछ प्रजातियों जैसे सीडूस टओवारा (देवदार), पाइनस रॉक्सबर्गाई (चीड़), खैर, अकेशिया ऑरिक्यूलीफॉर्मिस, बबूल, एल्बिजिया प्रजातियां (सिरस प्रजातियां), आर्टोकार्पस प्रजातियां, एनोगाइसस प्रजातियां, बांस प्रजातियां, कैजुरिना इक्वीसेटिफोलिया, डलबर्जिया प्रजातियां (शीशम प्रजातियां) डिप्टेरोकार्पस प्रजातियां, यूकेलिप्टस प्रजातियां, गेमलिना आर्बोरिया (गमहार), मेलोकेना प्रजातियां, मेलिया अजेडेरेच (बकेन), पोंगैमिया, शोरिया रोबस्टा (साल), टैक्टोना ग्रैन्डिस (सागौन), टर्मिनेलिया प्रजातियां, पापुलस प्रजातियों का वनवर्धन।

सामाजिक वानिकी—उद्देश्य, क्षेत्र, आवश्यकता, कृषि वानिकी प्रसार वानिकी, मनोरंजन वानिकी, जन सहभागिता।

2. वन विस्तार-कलन और प्रबन्ध :

मापन की विधियां, वृक्षों का व्यास, गोलाई, ऊंचाई तथा आयतन, आकार गुणक, स्टाक का आयतन आकलन, प्रतिचयन विधियां, उत्पादन गणना, माध्य वार्षिक वृद्धि; माध्य वार्षिक वृद्धि; प्रतिचय प्लाट; प्राप्ति तथा स्टाक सारणी, वन तालिका का कायक्रम तथा उद्देश्य; हवाई सर्वेक्षण तथा सुदूर संवेदन तकनीक।

वन प्रबन्ध—उद्देश्य तथा सिद्धान्त, तकनीक, सतत प्राप्ति; आवर्तन; मानक वन; वन निधि, प्राप्ति का नियमन, निधि तथा अनुप्रयोग; कार्य-योजना, विरचन तथा निर्वहण ।

3. वनोपयोग : उत्काष्ठन तथा निष्कर्षण प्रविधियां तथा सिद्धांत; परिवहन, भण्डारण तथा बिक्री; लघु वन उपज-परिभाषा और क्षेत्र; गोंद लीसा (रोजिन), ओलियोरेजिन, फाइबर (रेशा), तेल बीज, नट (गिरी), रबड़, बेंत, बांस, औषधीय पादप, लकड़ी का कोयला, मधुवाटिका, रेशमकीट पालन, लाख और चपड़ा लाख, टस्सर रेशम कत्था और बीड़ी पत्ते— संग्रह तथा निपटान।

काष्ठ प्रौद्योगिकी; काष्ठ की रचना, भौतिक और यांत्रिक गुण-धर्म; दोष तथा अपसामान्यता; सम्मिश्र तथा अन्य काष्ठ उत्पाद, लुगदी, कागज तथा रेयन—अभिज्ञान, काष्ठ संशोषण और परिरक्षण ।

भाग ख

1. वनरक्षण

वनों की क्षतियां—कवक और जीवाणु, कीट, नाशक जीव और बीमारियां, आग, कीटों, नाशक जीवों और बीमारियों से—सामान्य वन रक्षण जैविक और रासायनिक नियन्त्रण।

2. वन परिस्थिति विज्ञान और वन जीव विज्ञान

वन परिस्थिति विज्ञान के जीवीय और अजैव घटक; वन पारितन्त्र, वन समुदाय की संकल्पना; वनस्पति संकल्पना; पारिस्थितिक अनुक्रमण और चरम अवस्था; प्राथमिक उत्पादकता; पोषक चक्रण और जल संबंध; प्रतिकूल वातावरण में शरीर क्रिया विज्ञान (जलाभाव, जलाक्रान्ति क्षारियता और लवणता); भारत में वन प्रकारों की संरचना; प्रजाति संयोजना, और सहवास। वृक्ष विज्ञान—वर्गिकी वर्गीकरण; प्रजातियों की पहचान; वनस्पति संग्रहालय और वनस्पति वाटिका के सिद्धान्त और स्थापना। वृक्ष सुधार के सिद्धान्त और संकल्पना—पद्धतियां और प्रविधियां—विवेचन ।

वन्य प्राणी परिस्थिति विज्ञान और जीव विज्ञान; प्रबन्ध के सिद्धांत और प्रविधियां; संकटापन्न प्रजातियां वन्य प्राणी संरक्षण।

भाग ग

1. वन अर्थशास्त्र, नीतियां और विधान

वन अर्थशास्त्र के मूल नियम, लागत लाभ विश्लेषण—मांग और पूर्ति का आकलन; संरचनात्मक बाजार का मूल्यांकन और प्रक्षेपण; सामूहिक वित्त प्रबन्ध की भूमिका; वन उत्पादकता और अभिवृद्धि का सामाजिक आर्थिक विश्लेषण।

वन विकास का इतिहास; 1894 और 1952 की भारतीय वन नीति, कृषि पर राष्ट्रीय आयोग—वानिकी पर रिपोर्ट; परती भूमि विकास बोर्ड का सविधान, भारत वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्।

वन कानूनों की आवश्यकता; सामान्य सिद्धांत; भारतीय वन अधिनियम, 1927; वन संरक्षण अधिनियम 1980; वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972।

2. वन सर्वेक्षण और अभियांत्रिकी

सर्वेक्षण की विभिन्न विधियां—चेन (सांकल), प्रिज्मीय कम्पास; प्लेटेबल और स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, क्षेत्र गणना; मानचित्र और मानचित्र पठन। वन अभियांत्रिकी के मूल नियम, भवन सामग्री और संरचना। मार्ग उद्देश्य और वर्गीकरण; सामान्य सिद्धांत; संरचना। पुल—सामान्य सिद्धांत, उद्देश्य प्रकार; लकड़ी के पुलों का सरल अभिकल्प और संरचना।

3. वन मृदा और मृदा संरक्षण

वन मृदाएं; वर्गीकरण; मृदा सीरसमूह को प्रभावित करने वाले घटक; भौतिक और रासायनिक गुणधर्म, मृदा संरक्षण—परिभाषाएं, कटाव के कारण, प्रकार—हवा और जल से कटाव; अपवाहित क्षेत्रों का संरक्षण और प्रबंध, वात—रोध, रक्षक पट्टी, बालू टिब्बों का स्थिरीकरण; क्षारीय, लवणीय, जलाक्रांत और अन्य परती भूमि का उद्धार।

जलसंभर प्रबन्ध—उद्देश्य और प्रविधियां।

भाग घ

व्यक्तित्व परीक्षण

उम्मीदवारों का साक्षात्कार सुयोग्य और निष्पक्ष विद्वानों के बोर्ड द्वारा किया जाएगा जिसके सामने उम्मीदवार का सर्वांगीण जीवन-वृत्त होगा। साक्षात्कार का उद्देश्य यह है कि इस सेवा के लिए उम्मीदवार बुद्धि से उपयुक्त है अथवा नहीं। उम्मीदवारों से आशा की जाएगी कि वे केवल विद्याध्ययन के विशेष विषयों में ही सूझ-बूझ, के साथ रुचि न लेते हों, अपितु उन घटनाओं में भी रुचि लेते हों जो उनके चारों ओर अपने राज्य या देश के भीतर और बाहर घट रही हैं तथा आधुनिक विचारधाराओं और नई उन खोजों में रुचि लें जिनसे शीत एक सुशिक्षित व्यक्ति में जिज्ञासा उत्पन्न होती है।

2. साक्षात्कार मात्र जिरह की प्रक्रिया नहीं है, अपितु स्वाभाविक किन्तु प्रयोजनयुक्त वार्तालाप की प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य उम्मीदवारों के मानसिक गुणों और समस्याओं को समझने की शक्ति को अभिव्यक्त करना है, बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों की मानसिक सतर्कता, आलोचनात्मक ग्रहण शक्ति, संतुलित निर्णय और मानसिक सतर्कता, सामाजिक संगठन की योग्यता, चारित्रिक, ईमानदारी, नेतृत्व की पहल और क्षमता के मूल्यांकन पर विशेष बल दिया जायेगा।

परिशिष्ट-II

(देखिए नियम 20)

भारतीय वन सेवा संबंधी संक्षिप्त ब्यौरे (देखिए नियम 20)

(क) नियुक्तियां परिवीक्षा के आधार पर की जाएंगी जिसकी अवधि तीन वर्ष की होगी और इसे बढ़ाया भी जा सकेगा। सफल उम्मीदवारों को परिवीक्षा की अवधि में भारत सरकार के निर्णय के अनुसार निश्चित स्थान पर और निश्चित रीति से कार्य करना होगा और विभिन्न परीक्षाएं पास करनी होंगी।

(ख) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक न हो या उसे देखते हुए उसके कार्यकुशल होने की संभावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है या यथास्थिति उसे स्थायी पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है जिस पर उसका पुनर्ग्रहण अधिकार है या होगा। बशर्ते कि उक्त सेवा में नियुक्ति से पहले उस पर लागू नियमों के अंतर्गत पुनर्ग्रहण अधिकार निलम्बित न कर दिया गया हो।

(ग) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा की अवधि को जितना उचित हो, बढ़ा सकती है।

(घ) यदि सरकार ने सेवा में नियुक्ति करने की अपनी शक्ति किसी अधिकारी को सौंप रखी हो तो वह अधिकारी उपर खण्ड (ख) और (ग) के अन्तर्गत, सरकार की किसी भी शक्ति का प्रयोग कर सकता है।

(ङ) भारतीय वन सेवा से सम्बद्ध अधिकारी को केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अधीन भारत में कहीं भी या विदेश में सेवा करनी पड़ सकती है।

(च) वेतनमान :

1. कनिष्ठ वेतनमान : रुपये 2200-75-2800-द. रो.-100-4000/-

2. वरिष्ठ वेतनमान

(1) समय वेतनमान :

रुपये 3000 (पांचवां तथा छठां वर्ष)—100-3500-125-4500/-

(2) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :

रुपये 3700-125-4700-150-5000/-

(3) चयन ग्रेड :

रुपये 4100-125-4850-150-5300/-

3. सुपर टाइम स्केल :

(1) वन संरक्षक :

रुपये 4500-150-5700

(2) अपर मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक :

रुपये 5900-200-6700/-

4. सुपर टाइम स्केल से ऊपर का वेतनमान :

प्रिंसिपल चीफ—वन संरक्षक*

छोटे राज्यों में : रु. 7300-100-7600/-

बड़े राज्यों में : रु. 7600/-

*जहां ऐसा पद संस्वीकृत हो।

समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार महंगाई :

परिवीक्षाधीन अधिकारी की सेवा कनिष्ठ वेतनमान में प्रारम्भ होगी और उसे परिवीक्षा पर बिताई गई अवधि को समय वेतनमान में अवकाश, पेंशन या वेतन वृद्धि के लिए गिनने की अनुमति होगी।

(छ) भविष्य निधि—भारतीय वन सेवा के अधिकारी अखिल भारतीय सेवा (भविष्य निधि) नियमावली, 1955 से शासित होते हैं।

(ज) अवकाश—भारतीय वन सेवा के अधिकारी अखिल भारतीय सेवा (अवकाश) नियमावली, 1955 से शासित होते हैं।

(झ) डाक्टरी परिचर्या—भारतीय वन सेवा के अधिकारियों को अखिल भारतीय सेवा (डाक्टरी परिचर्या) नियमावली, 1954 के अंतर्गत प्रदत्त डाक्टरी परिचर्या की सुविधाएं पाने का हक है।

(ञ) सेवा निवृत्ति लाभ—प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर नियुक्त किए भारतीय वन सेवा के अधिकारी, अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु तथा सेवा निवृत्ति लाभ) नियमावली, 1958 द्वारा शासित होते हैं।

परिशिष्ट III

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनियम

(देखिए नियम 17)

(ये विनियम उम्मीदवार की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं। ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों के मार्ग निर्देशन के लिए भी हैं।)

भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

1. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो।

2. चलने की परीक्षा—पुरुष उम्मीदवारों को चार घण्टे में पूर्ण होने वाली 25 किलोमीटर और महिला उम्मीदवार को 4 घण्टे में पूर्ण होने वाली 14 किलोमीटर चलने की परीक्षा में सफलता प्राप्त करनी होगी। वन महानिरीक्षक, भारत सरकार द्वारा इस परीक्षा की व्यवस्था इस प्रकार की जाएगी कि यह स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड के साथ-साथ हो सके।

3. (क) भारतीय (एंग्लो-इण्डियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेर के परस्पर संबंध के बारे में मेडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर संबंध के आंकड़े सब से अधिक उपयुक्त समझे, अपनाए। यदि वजन, कद और छाती के घेर में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

(ख) कद और छाती के घेर के लिए कम से कम मानक निम्नलिखित हैं, जिस पर पूरा न उतरने पर उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जा सकता :—

कद	छाती का घेर (पूरा फुलाकर)	फुलाव
163 सें० मी०	84 सें० मी०	5 सें० मी० (पुरुषों के लिए)
150 सें० मी०	79 सें० मी०	5 सें० मी० (महिलाओं के लिए)

अनुसूचित जनजातियों तथा गोरखों, नेपालियों, असमियों, मेघालय जनजातियों, लद्दाखियों, सिक्किमियों, भूटानियों, गढ़वालियों, कुमाउनियों, नागाओं तथा अरुणाचल प्रदेश के उम्मीदवारों के मामले में, जिनका औसत कद विशिष्टतया कम होता है, कद में छूट देने के लिए कम से कम निर्धारित मानक निम्नलिखित हैं :—

पुरुष	152.5 से.मी.
महिला	145.0 सें.मी.

4. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि से मापा जाएगा :—

वह अपने जूते उतार देगा और उस मापदण्ड (स्टैण्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन सिवाए एड़ियों के पांवों की उंगलियों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिण्डलियां, नितम्ब और कन्धे मापदण्ड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोडी नीची रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (स्टक्स आफ हैड लवल) हारिजेंटल बार (आड़ी छड़) के नीचे आए। कद सेंटीमीटर और आध सेंटीमीटर में मापा जाएगा।

5. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका निम्न प्रकार है :—

उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि पीछे और उसका ऊपरी किनारा असफलक (शाल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इनफीरियर एंगल्स) से लगा रहे और यह फीते की छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े समतल (हारिजेंटल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा। किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कन्धे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि फीता अपने स्थान से हट न पाए तब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा, 84–89, 86–93.5 आदि। माप को रिकार्ड करते समय आधे सेंटीमीटर से कम के भिन्न (फ्रैक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

नोट :—अंतिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दुबारा मापने चाहिए।

6. उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्राम में रिकार्ड किया जाएगा आधे किलोग्राम से कम के फ्रैक्शन को नोट नहीं करना चाहिए।

7. उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा :—

(1) सामान्य (जनरल)—किसी रोग या असमान्यता (एबनार्मेलिटी) का पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आंखों की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार को भेंगापन या आंखों, पलकों अथवा साथ लगती संरचनाओं (कटीगुअस स्ट्रक्चर्स) का विकास होगा जिसे भविष्य में किसी भी समय सेवा के लिए उसके अयोग्य होने की संभावना हो तो उम्मीदवार को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(2) दृष्टि तीक्ष्णता (विजुअल एक्विटी)—दृष्टि की तीक्ष्णता का निर्धारण करने के लिए दो तरह की जांच की जाएगी। एक दूर की नजर के लिए और दूसरी नजदीक की नजर के लिए। प्रत्येक आंख की अलग से परीक्षा की जाएगी।

चश्मे के बिना (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी किन्तु प्रत्येक मामले में मैडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इन्फार्मेशन) मिल जाएगी।

भारतीय वन सेवा एक तकनीकी सेवा है।

चश्मे के साथ और चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा :—

दूर की नजर		नजदीक की नजर	
अच्छी आंख (ठीक की हुई आंख)	खराब आंख	अच्छी आंख (ठीक की हुई आंख)	खराब आंख
6/6	6/6	एन 8	एन 8

किस प्रकार का इलाज करने की अनुमति दी गई.

सबसे अच्छा इलाज (अनिर्दिष्ट) रेडियल केराटोटोमी

टिप्पणी :

(i) फण्डस परीक्षा—मायोपिया फण्डस के प्रत्येक मामले में जांच करनी चाहिए और उसके नतीजों को रिकार्ड किया जाना चाहिए, यदि उम्मीदवार की ऐसी रोगात्मक अवस्था हो जिसके बढ़ने और उससे उम्मीदवार की कार्य कुशलता पर असर पड़ने की संभावना हो तो उसे अयोग्य घोषित कर देना चाहिए।

मायोपिया का कुल परिमाण (सिलेण्डर सहित)—8.00 डी. से नहीं बढ़ेगा। हाइपरमेट्रोपिया (सिलेण्डर सहित) + 4.00 डी. से नहीं बढ़ेगा।

शर्त यह है कि उम्मीदवार भारी निकट दृष्टि के कारण अयोग्य पाया जाए तो यह मामला तीन दृष्टि विशेषज्ञों के विशिष्ट बोर्ड को भेज दिया जाएगा जो यह घोषणा करेंगे कि निकट दृष्टि रोगात्मक है या नहीं। यदि यह मामला रोगात्मक नहीं हो तो उम्मीदवार को योग्य घोषित कर दिया जाएगा, बशर्ते वह अन्यथा दृष्टि संबंधी अपेक्षाएं पूरी करे।

(2) कलर विजन—(क) रंगों के संदर्भ में नजर की जांच आवश्यक होगी।

(ii) नीचे दी हुई तालिका के अनुसार रंग का प्रत्यक्ष ज्ञान उच्चतर (हायर) और निम्नतर (लोअर) ग्रेडों में होना चाहिए जो लैटर्न के द्वारक (एपर्चर) के आकार पर निर्भर हो :—

ग्रेड	रंग के प्रत्यक्ष ज्ञान का ग्रेड
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	16 फीट
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मीटर
3. दिखाने का समय	5 सैकण्ड

(3) मानक संकेत, हरे संकेत और सफेद रंग की आसानी से और विश्वसनीयता से बिना पहचान करना असंतोषजनक कलर विजन है। ईशिहारा की प्लेटों के इस्तेमाल को जिन्हें एडिज ग्रीन की लैंटर्न जैसा उपयुक्त लैंटर्न और उसकी रोशनी में दिखाया जाता है कलर विजन की जांच करने के लिए बिल्कुल विश्वसनीय समझा जाएगा। वैसे तो दोनों जांचों में से किसी भी एक जांच को साधारण तथा पर्याप्त समझा जा सकता है। लेकिन सड़क, रेल और हवाई यातायात से संबंधित सेवाओं के लिए लैंटर्न से जांच करना लाजमी है। शक वाले मामले में जब उम्मीदवार को किसी एक जांच करने पर अयोग्य पाया जाए तो दोनों ही तरीके से जांच करनी चाहिए।

टिप्पणी : भारतीय यान सेवा में नियुक्ति के लिए कलर विजन का निम्न ग्रेड पर्याप्त माना जाएगा।

(4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन)—सभी सेवाओं के लिए समक्ष विधि (कन्फ्रन्टेशन मैथड) द्वारा दृष्टि क्षेत्र की जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को परामापी (पैरामीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

(5) रतौंधी (नाइट ब्लाइन्डनेस)—केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच नेमी रूप से जरूरी नहीं है। रतौंधी या अंधेरे में दिखाई न देने की जांच करने के लिए कोई नियत स्टैंडर्ड टैस्ट नहीं है। मेडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिए जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अंधेरे कमरे में ले जाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि तीक्ष्णता रिकार्ड करना। उम्मीदवारों के अपने कथनों पर कभी भी विश्वास नहीं करना चाहिए किन्तु उन पर उचित विचार किया जाना चाहिए।

(6) दृष्टि की तीक्ष्णता से भिन्न आंख की अवस्थाएं (आक्युलर कन्डीशन्स)।

(क) आंख की उस बीमारी को या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (प्रोग्रेसिव रिफ्रैक्टिव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता के कम होने की संभावना हो अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ख) रोहे (ट्रेकोमा)—यदि रोहे जटिल न हों तो वे आमतौर से अयोग्यता का कारण नहीं होंगे।

(ग) भेंगापन—द्विनेत्री—(बायनाकुलर) दृष्टि का होना जरूरी है। निम्न स्टैण्डर्ड की दृष्टि की तीक्ष्णता होने पर भी भेंगापन को अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

